आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* स्वामी विवेकानंद जयंती
* भीष्म पितामह जयंती
* राष्ट्रीय युवा दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 165 | इंदौर, सोमवार 12 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 9 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी, एक्स ने गलती मानी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी। सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं। दरअसल, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रम्प को अपना नोबेल शांति पुरस्कार ट्रांसफर नहीं कर सकती मचाडो

**वाशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार देने वाली संस्था नॉर्वेजियन नोबेल इंस्टीट्यूट ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो के हालिया बयान पर नाराजगी जताई है। मचाडो ने कहा था कि वे अपना नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को देना या साझा करना चाहेंगी। संस्था ने एक छोटे बयान में कहा कि एक बार नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद उसे रद्द नहीं किया जा सकता, किसी को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता, साझा नहीं किया जा सकता या किसी अन्य को दिया नहीं जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है जब मचाडो ने फॉक्स न्यूज के होस्ट शॉन हैनिटी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे ट्रम्प को व्यक्तिगत रूप से बताना चाहेंगी कि वेनेजुएला के लोग इस पुरस्कार को उन्हें देना या साझा करना चाहते हैं।

### इंडियन आइडल-3 के विनर प्रशांत तमांग का निधन



**हार्ट अटैक आया, पातालोक सीरीज में दिखे थे सलमान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में काम किया**

**मुंबई।** इंडियन आइडल सीजन 3 के विनर प्रशांत तमांग का रविवार को हार्ट अटैक से दिल्ली में निधन हो गया। वह 43 साल के थे। जनसत्ता के अनुसार सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग को दिल का दौरा पड़ने के बाद दिल्ली के द्वारका स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रशांत टीवी शो इंडियन आइडल सीजन 3 जीतकर मशहूर हुए थे। वह वेब सीरीज पाताललोक के दूसरे पार्ट में भी नजर आए थे। इसके अलावा, वह सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में भी नजर आने वाले हैं, जो 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इंडियन आइडल जीतने के बाद प्रशांत तमांग ने अपना पहला एल्बम धन्यवाद रिलीज किया था। उन्होंने विदेशों में भी कई लाइव शो किए। प्रशांत सिंगर होने के साथ-साथ एक्टर भी थे। साल 2010 में उन्होंने नेपाली फिल्म गोरखा पल्टन से एक्टिंग की शुरूआत की थी। इसके बाद वह अंगालो यो माया को, किन माया मा, निशानी और लाडैन जैसी कई फिल्मों में नजर आए थे। द काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, निधन से पहले प्रशांत को कोई भी गंभीर बीमारी नहीं थी। बताया गया कि उनकी मौत की जानकारी सबसे पहले उनकी सास को मिली। इसके बाद उन्होंने इंडियन आइडल में उनके दोस्त अमित पॉल को बताया। अमित ने फिर सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर की। अमित ने पोस्ट में लिखा कि यह सब कितना गलत लग रहा है। दुनिया अब पहले जैसी नहीं रहेगी। वह अभी भी इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका दोस्त उन्हें छोड़कर चला गया है।

### आरएसएस बदल नहीं रहा, समय के साथ अपना स्वरूप सामने ला रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ बदला नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे विकसित हो रहा और समय के साथ उसका स्वरूप सामने आया है। उन्होंने कहा कि लोग इसे बदलाव के रूप में देख रहे हैं, जबकि मूल विचार और चरित्र वही है। भागवत नई दिल्ली में आरएसएस के 100 साल की यात्रा पर बनी फिल्म शतक के गीतों के एल्बम लॉन्च कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर गायक सुखविंदर सिंह, फिल्म निर्देशक आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने कहा, 'आरएसएस अपनी सौवीं वर्षगांठ मना रहा है।

### ठाकरे 10 मिनट में मुंबई बंद करा सकते हैं : राउत

**मुंबई।** शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दावा किया कि ठाकरे परिवार आज भी 10 मिनट में मुंबई बंद कर सकता है। ठाकरे परिवार को महाराष्ट्र की राजनीति से कभी मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने यह बात रविवार को एक कार्यक्रम में कही। राउत ने कहा, ठाकरे परिवार महाराष्ट्र के सबसे ताकतवर परिवारों में से एक है। चुनाव में हार मिलने के बाद भी ठाकरे परिवार की पकड़ राज्य की राजनीति पर बनी हुई है और उनकी ताकत अब भी खत्म नहीं हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राउत के बयान को खोखली धमकी बताया। उन्होंने कहा कि जब बाल ठाकरे जीवित थे, तब ऐसा संभव था, लेकिन अब यह ताकत नहीं रही।

---

इंदौर में गंदे पानी से मौतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, गाड़ी की छत पर चढ़े पूर्व सीएम दिग्विजय

# कांग्रेस की न्याय यात्रा में लगे घंटा-मंत्री मुर्दाबाद के नारे

## इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी के कारण 21 लोगों की जान चली गई, कई लोग अस्पतालों में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी के कारण 21 लोगों की जान चली गई। कई लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। ऐसे में कांग्रेस आज सड़कों पर है। रविवार को बड़ा गणपति चौराहा से कांग्रेस ने न्याय यात्रा शुरू की।

इसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, अजय सिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस विधायक-पार्षद, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

न्याय यात्रा के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापौर और बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस ने मांग की कि पीड़ित परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग भी की गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटा-मंत्री मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

इधर, न्याय यात्रा में चल रही गाड़ी की छत पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार चढ़ गए। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा कि इंदौर में पार्षद से लेकर संसद तक पूरी तरह बीजेपी का कब्जा है। यह लंबी लड़ाई है और इसके लिए हमें घर-घर जाकर लोगों से चर्चा करनी होगी।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा - जिम्मेदारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि, कांग्रेस इंदौर की जनता के साथ खड़ी है। इंदौर की जनता को स्वच्छ पानी, साफ सड़कें और बोरिंग का साफ पानी चाहिए। भागीरथपुरा में हुई घटना के बाद सरकार मौतों के आंकड़े छुपाने की कोशिश कर रही है। कई जगह पर आज हिंदू सम्मेलन हो रहा है, तो पहले सरकार हिंदू को बचाए तो सही।
उन्होंने कहा कि आज भी इंदौर के कई इलाकों में गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन सरकार इस पर कोई बात नहीं करना चाहती। आम जनता को साफ पानी पीने का अधिकार है, कोई भीख नहीं मांगी जा रही है। अब तक इस घटना में 21 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मामले में जिम्मेदार लोग कातिल हैं और उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### यह लंबी लड़ाई है, घर-घर जाएंगे, लोगों से चर्चा करेंगे

- न्याय यात्रा में चल रही गाड़ी की छत पर चढ़े पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।
- इस दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा कि इंदौर में पार्षद से लेकर संसद तक पूरी तरह बीजेपी का कब्जा है। यह लंबी लड़ाई है और इसके लिए हमें घर-घर जाकर लोगों से चर्चा करनी होगी।
- उन्होंने आगे कहा कि जिस शहर को 8 साल से लगातार सबसे साफ-सुथरा शहर माना जाता था, वहां भागीरथपुरा में गंदे पानी की वजह से कई परिवारों की मौत हो गई। हम सभी मिलकर इस लड़ाई को जारी रखेंगे।

---

पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही

# राजस्थान के फतेहपुर में -3.4 डिग्री पारा

## गाड़ियों पर बर्फ जमी, उत्तराखंड में -22 डिग्री तापमान, 5 जिलों में नदी-झरने जमे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/लऊखन



पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही है। राजस्थान और दिल्ली में इस सीजन सबसे ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके कारण कई हिस्सों में गाड़ियों पर बर्फ जम गई।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान माइनस 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी और झरने जम चुके हैं। कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में -5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल लेक सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -7.8 डिग्री और गुलमर्ग में -6.8 डिग्री रहा। दिल्ली के सफदरजंग में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह इस सर्दी सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को शीतलहर चलने की संभावना है। दिल्ली से सटे पंजाब और हरियाणा के 3 शहरों में तापमान शून्य डिग्री के करीब पहुंच गया। पंजाब के होशियारपुर में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री और अमृतसर में 1.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 1.6 डिग्री पारा दर्ज हुआ।

---

# सोमनाथ मंदिर तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे : पीएम मोदी

## दुर्भाग्य से देश में आज भी मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें मौजूद

एजेंसी ▸▸ सोमनाथ/राजकोट



गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1 हजार साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था।

पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी।

पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं।

पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया।

---

प्रदेश के पिछोर में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की घोषणा

# 24 और 48 घंटे में पहुंचेंगे स्पीड पोस्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शिवपुरी



केंद्रीय मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में स्पीड पोस्ट 24 और 48 की घोषणा की। पहले इस सेवा में डिलीवरी में 3 से 5 दिन लगते थे, लेकिन नई पहल के लागू होने पर पार्सल और दस्तावेज 24 या 48 घंटे में उपभोक्ताओं तक पहुंच सकेंगे।

सिंधिया ने कहा, यह पहल डाक विभाग को तेज, आधुनिक और भरोसेमंद लॉजिस्टिक नेटवर्क के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। समयबद्ध डिलीवरी आज हर व्यवसाय और नागरिक के लिए जरूरी है। स्पीड पोस्ट 24 और 48 इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर शुरू की जाएंगी। सिंधिया ने बताया कि इस सेवा के लागू होने पर ई-कॉमर्स कंपनियां, व्यापारी, सरकारी विभाग और आम नागरिक सीधे लाभान्वित होंगे। छोटे व्यापारी और उद्यमी अब कम लागत में तेज डिलीवरी के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।

---

# रतलाम में पुलिस पर पथराव, कॉन्स्टेबल घायल

## जांच के लिए लेकर जा रहे ट्रैक्टर को छीनने की कोशिश, बीजेपी पार्षद पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8 लेन पर शनिवार-रविवार रात पुलिस ने अवैध डोडाचूरा की सूचना पर संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका। पुलिस ट्रैक्टर की तलाशी के लिए स्वयं चलाकर रोशनी वाले क्षेत्र में लेकर जा रही थी। तभी दो अलग-अलग फोर व्हीलर में आए 8 से 10 लोगों ने पुलिस से ट्रैक्टर ले जाने की कोशिश की। ट्रैक्टर छुड़ाने के लिए पुलिस पर पथराव भी किया। इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी खा गई। जिसमें एक आरक्षक दब गया।

घटनाक्रम की सूचना मिलने पर रात में ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके से ट्रैक्टर रोकने की कोशिश में झाबुआ जिले के थांदला के बीजेपी पार्षद को पुलिस ने पकड़ा है। घटनाक्रम जिले के रावटी थाना क्षेत्र से गुजरे दिल्ली-मुंबई 8 लेन के बीच भग्गा सेलोत और भीमपुरा के बीच का है। रावटी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर की तरफ से धामनोद होकर एक ट्रैक्टर-ट्राली आ रही है। जिसमें अवैध रूप से डोडा चूरा हो सकता है। वह झाबुआ की ओर जा रही है।

---

# ट्रम्प को ईरान पर हमले का प्लान बताया

## अमेरिकी राष्ट्रपति का फैसला लेना बाकी, सरकार विरोधी हिंसा में 217 की मौत का दावा

एजेंसी ▸▸ तेहरान



ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजराइल ने ईरान पर हमला किया, तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे। दूसरी तरफ टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**ईरान पर हमले की आशंका को लेकर इजराइल हाई अलर्ट पर-** ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका को लेकर इजराइल हाई अलर्ट पर है। रॉयटर्स ने इजराइली सूत्रों के हवाले से बताया है कि हालात को देखते हुए इजराइली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजराइल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने कॉल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया।

### प्रदर्शनकारियों को फांसी की धमकी

ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को खुदा का दुश्मन माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है।

---

# बुजुर्ग एनआरआई कपल को 17 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा

## 15 करोड़ लूटे, ठगों ने कहा- आपके अकाउंट में ब्लैक मनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली में एक बुजुर्ग नॉन रेजिडेंट इंडियन कपल को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 15 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया और प्रवर्तन निदेशालय का अधिकारी बताकर कहा था आपके खाते में ब्लैक मनी है।

अब उनके पैसे भारतीय रिजर्व बैंक के जरिए वापस किए जाएंगे और पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुजुर्ग कपल ने शनिवार को दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई।

पीड़ित कपल डॉ. ओम तनेजा और उनकी पत्नी डॉ. इंदिरा तनेजा करीब 48 साल तक अमेरिका में रहे और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े रहे। रिटायरमेंट के बाद 2015 में वे भारत लौटे थे और तब से ग्रेटर कैलाश-2 में रह रहे हैं। 77 साल की डॉ. इंदिरा तनेजा ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक कॉल की गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि उनके बैंक खातों में काला धन पाया गया है और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## दुकानें सील जिम्मेदार कौन...

शहर के बाजार में पिछले 7 दिनों से सरकारी कर बढने के पहले ही धुम्रपान के दाम बढ गए हैं। बडे पैमाने पर कालाबाजारी सक्रिय होकर इसमें माल अंटी करने में लगे हैं। इसी दौरान बाजार में धुम्रपान उत्पादों के कुछ बडे विक्रेताओं के यहां छापे की कार्रवाई हुई। छापे में हिसाब झकिताब में प्रारंभिक स्थिति में ही तालमेल नहीं बैठा। दुकानें सील कर दी गई। माल अंदर आदमी बाहर वाली स्थिति कायम हो गई। 3 तिजारतियों के यहां यह कार्रवाई हुई है। कोई किसी विभाग का बता रहा है तो कोई केंद्र से संबंधित विभाग की बात कर रहा है। बडे पैमाने पर बाजार गर्म है कि मामला तालमेल का था वो बैठते ही सब सामान्य हो जाएगा,लेकिन अब तक सील करने वाले विभाग ने अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्मों का बखान सामने नहीं किया है। पूरा मामला असमंजस्य में ही चल रहा है कि आखिर कार्रवाई किसने की और मसला क्या है। मसले का खुलासा भी 7 दिन बाद भी सामने नहीं आ रहा है। खास तो यह है कि इस पूरे मसले पर अब तक किसी विभाग का कोई बयान नहीं है। खुसूर झफुसूर है कि कागजों की पूर्ति के लिए 3 तिजारतियों को घेर दिया गया है। बाजार भर में धुम्रपान उत्पाद पर जमकर नाल काटी जा रही है। करीब 20 फीसदी दर अधिक वसूली आमजन से की जा रही है। जिम्मेदार इस कालाबाजारी को रोकने में सक्षम नहीं हैं ऐसे में उन्होंने उन तिजारतियों को घेर दिया जो इसके लिए तैयार बैठे थे और पूर्व से इसकी योजना बनाए हुए थे। अब हाल यह है कि बाजार में माल की कमी से आम ग्राहक की जेब तो कटना ही है।




## अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव आज

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में यह आयोजन कालिदास संस्कृत अकादमी में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन कला, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।



आज 11 जनवरी, विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सायं 7 बजे से कालिदास अकादमी के मुक्ताकाशी मंच पर अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश के लोकप्रिय फिल्म कलाकार, स्टैंडअप कॉमेडियन एवं ख्यातिप्राप्त कवि-शायर सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी एवं प्रसिद्ध कॉमेडियन रजत सूद रहेंगे।

**सम्मान एवं पुरस्कार:** फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी को अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मान एवं स्व. भंवरलाल जी मालवीय स्मृति पुरस्कार, कॉमेडियन रजत सूद को स्व. मोहिनीदेवी बेलानी पुरस्कार, प्रख्यात शायर मंजर भोपाली को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह जी पुरस्कार, कवि पॉपुलर मेरठी को स्व. गणपतलाल जी शर्मा स्मृति पुरस्कार, कवि संजय सिंह को स्व. हरिवल्लभ जी बंसल पुरस्कार, हास्य कवि धीरज शर्मा को स्व. श्यामलाल जी प्रजापति स्मृति पुरस्कार, कवयित्री विभा शुक्ला को स्व. आशा जी मालवीय पुरस्कार, बाल कवि वेद पस्तोर को स्व. गुलाब सिंह जी भदौरिया स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000
योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क मो.9575477077

### बाजार में जिसका सबसे ज्यादा संकट था वह 1-2-5 के सिक्के बहुतायत में उपलब्ध हुए, ग्राहकों को चाकलेट से मुक्ति मिली, मुनाफे के मुद्दे पर सिक्के चलन में वापस लौटे

# धुम्रपान की कालाबाजारी में चिल्लर चल पड़ी

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

धुम्रपान उत्पाद पर सरकार का कर बढने से पहले ही बाजार में इनके दाम में 20-25 प्रतिशत बढोतरी हो गई है। कालाबाजारियों की शातिरी के तहत ऐसा हो रहा है। इससे बाजार में एक फायदा हो गया है जो चिल्लर बाजार से गायब थी और 1-2 रूपए के स्थान पर उपभोक्ता को चाकलेट पकडाने का काम बंद हो गया है। बाजार में जमकर सिक्के चलन में आ गए हैं। यहां तक की नोट लेकर सिक्के दिए जा रहे हैं।

धुम्रपान उत्पादों में सिगरेट की कालाबाजारी का दौर बाजार में चल रहा है। इसके तहत सरकारी कर बढने से पहले ही बाजार में दाम बढा दिए गए हैं। फूटकर व्यवसायी बताते हैं कि अव्वल माल की शार्टेज बताई जा रही है उस पर उंचे दाम में माल बाजार में मिल रहा है। ऐसे में थोक से लेकर खेरची तक पर इसका प्रभाव पडा है। सामान्य रूप से सिगरेटों पर 20-25 प्रतिशत दाम उंचे लिए जा रहे हैं। इसके चलते चिल्लर का चलन बाजार में एक बार फिर से शुरू हो गया है।

### एक दम इतनी चिल्लर चलन में

धुम्रपान उत्पाद पर गैर कानूनी रूप से दर वृद्धि के इस दौर में खास तो यह है कि पूरे बाजार में ही खुदरा व्यापारियों के पास जमकर चिल्लर इन्हीं दिनों में आई है। इससे कई सवाल जन्म ले रहे हैं। पिछले 5-6 दिनों से पहले शहर में 1-2-5 रूपए के सिक्के मिलना मुश्किल हो रहा था। खुदरा व्यापारी इसके लिए ग्राहक से खुल्ले पैसे मांगते थे और नहीं होने पर कई बार ही नहीं अमूमन ज्यादा समय सिक्के के बदल चाकलेट पकडा रहे थे। बाजार में एक दम बडे पैमाने पर आई चिल्लर जमाखोरी या फिर किसी गडबड की शंका को जन्म दे रही है।



### 10 की सिगरेट 12 में

अमूमन पूरे बाजार में ही पिछले 5-6 दिनों में मुनाफाखोरों की नई दर सरकार से पहले ही लागू हो गई है। खुदरा विक्रेता कहते हैं इसमें10 रूपए वाली सिगरेट सीधे 12 रूपए में दी जा रही है। खास बात यह है कि इस सौदे में अगर ग्राहक 20 रूपए का नोट देता है तो उसे वापसी में 8 रूपए 1,2एवं 5 के सिक्के के रूप में दिए जा रहे हैं,जबकि इस दाम वृद्धि से पहले बाजार में 1-2 रूपए के सिकके के स्थान पर खुदरा व्यापारी ग्राहकों को चाकलेट पकडा रहे थे और चिल्लर का संकट बता रहे थे।

### अभी तो बैंकों से भी जारी नहीं हुई

इधर सूत्रों का कहना है कि हाल ही के दिनों में स्थानीय स्तर पर किसी बैंक ने भी इतनी बडी मात्रा में चिल्लर के रूप में 1-2-5 रूपए के सिक्के बाजार में चलन के लिए निकाले हों। ऐसे में बाजार में जमकर आए सिकके या तो पूर्व में जमाखोरों के पास थे या फिर इन्हें विशेष प्रयोजनों के तहत इसी तरह की मुनाफाखोरी के लिए कालाबाजारियों ने पूर्व से ही जमा कर रखा था।

### आशंकाएं जन्म ले रही

खुदरा व्यापारियों को चिल्लर के रूप में सिक्के भी उपलबध करवाए जा रहे हैं। इससे खुले को लेकर चिक-चिक नहीं होने एवं दाम में विवाद होने के मामलों पर ब्रेक लगा रहने की बात कही जा रही है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि दाम में मुनाफाखोरी के लिए पूर्व से ही इस पूरे मामले की तैयारी कालाबाजारियों ने कर रखी थी।

### रतलाम मंडल ने रचा इतिहास

# पहली बार लॉंग हॉल गुड्स ट्रेन का सफल परिचालन

### लगभग 400 किलोमीटर की दूरी 56 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से तय करते हुए मात्र 6 घंटे 57 मिनट में न्यू उधना स्टेशन तक पहुँचाया

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

रतलाम मंडल के क्रू द्वारा इस लॉंग हॉल ट्रेन को लगभग 400 किलोमीटर की दूरी 56 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से तय करते हुए मात्र 6 घंटे 57 मिनट में न्यू उधना स्टेशन तक पहुँचाया गया। यह समय सामान्य भारतीय रेलवे मार्ग से चलने वाली मालगाड़ियों की तुलना में लगभग 9 से 10 घंटे की बचत को दशार्ता है।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा गुड्स ट्रेनों के परिचालन के क्षेत्र में भी मंडल नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गुड्स ट्रेनों के परिचालन में समय की अधिकतम उपयोगिता तथा क्रू सेट की दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रतलाम मंडल द्वारा अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 08 जनवरी 2026 का दिन रतलाम मंडल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया, जब मंडल द्वारा पहली बार लॉंग हॉल गुड्स ट्रेन का सफल परिचालन किया गया, जिससे रतलाम मंडल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया।इस लॉंग हॉल ट्रेन में कुल 87 वैगन सम्मिलित थे, जिनका कुल भार 3842 टन रहा। एक ही क्रू सेट के साथ पूरे परिचालन को संपन्न करने से लगभग 5 क्रू सेट की बचत हुई, जो कुशल योजना, बेहतर लॉजिस्टिक्स और संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक, रतलाम के कुशल मार्गदर्शन एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में 08 जनवरी 2026 को रतलाम मंडल के बिलडी स्टेशन से जेएनपीटी(जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्टज) के लिए वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्यू स डीएफसी) के माध्यम से लॉंग हॉल ट्रेन का सफलतापूर्वक परिचालन किया गया।

इसके अतिरिक्त, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से लंबी दूरी तक मालगाड़ी के परिचालन से बड़ौदाझमुंबई खंड में ट्रेनों के कंजेशन की समस्या के समाधान में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

यह उपलब्धि रतलाम मंडल की परिचालन क्षमता, नवाचार और समर्पित टीमवर्क को दशार्ती है, जो भविष्य में माल परिवहन को और अधिक तेज, सुरक्षित एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मतदाता सूची मे नाम जुडवाने की कवायद





दैनिक अवन्तिका उज्जैन

निर्वाचन क्षेत्र उज्जैन दक्षिण मे मतदाता सूची मे नाम जुडवाने के लिए विभिन्न दस्तावेज का सत्यापन और जांच करने का कार्य जोरशोर से चल रहा है। शास्त्रीनगर स्थित माधव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण मे विभिन्न वार्ड के लोग आवेदन पत्र भरते व आवश्यक दस्तावेज की जांच कराते नजर आ रहे हैं। दक्षिण क्षेत्र के वार्डो के बूथ लेवल आफिसर फार्म व दस्तावेज की जांच मुस्तैदी से कर रहे हैं। वार्ड 44की बी एल ओ श्रीमती अद्विता श्रीवास्तव ने बताया नए युवाओ के नाम भी मतदाता के रूप मे जोडे जा रहे हैं। जिन भारतीय युवाओ की उम्र अठारह वर्ष हो रही है उनको फार्म न छः भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ 22जनवरी तक जांच कराके जमा करना है। ठंड के कारण दोपहर के समय काफी भीड रही।

# वेंडिंग जोन कहां बनेगा और पथ विक्रेताओं को कौन सी जगह दी जाएगी, यह होगा अब तय

### गुमटियों और दुकानों को चलाने के लिए यह कमेटी ही जगह निर्धारित करती है

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

प्रदेश के शहरों में वेंडिंग जोन कहां बनेगा और पथ विक्रेताओं को कौन सी जगह दी जाएगी, यह तय करने के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन संचालनालय के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका एवं नगर परिषदों के सीएमओ को पत्र लिखकर कहा है कि नियम के अनुसार चुनाव संबंधी प्रक्रिया कराई जाए।

इसे लेकर इससे पहले भी दो बार सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखे जा चुके हैं लेकिन निकायों में टीवीसी मेंबर का चुनाव के बजाय मनोनयन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जैसे महानगरों में पहले से ही टाउन वेंडिंग कमेटी गठित है। वहां भी गुमटियों और दुकानों को चलाने के लिए यह कमेटी ही जगह निर्धारित करती है। अब प्रदेश के हर नगर निगम, परिषद, पालिका स्तर पर टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन का फैसला लिया गया है।

टाउन वेंडिंग कमेटी को नगर विक्रय समिति कहते हैं, जो नगरीय निकायों में स्ट्रीट वेंडर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके काम को व्यवस्थित करने के लिए गठित की जाती है। टीवीसी किसी भी नगरीय निकाय के लिए वेंडिंग जोन तय करने के साथ सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग सर्टिफिकेट भी जारी करती है। टीवीसी का जिम्मा शहर में वो जगहें तय करना है जहां ठेले, रेहड़ी वाले अपना सामान बेच सकते हैं। इसके साथ ही टीवीसी के पास ही स्ट्रीट वेंडरों को आधिकारिक सर्टिफिकेट जारी करने के अलावा उनकी समस्याओं का समाधान भी यही कमेटी करती है। नियम के अनुसार हर नगरीय निकाय में एक जोन में एक टीवीसी मेंबर का चुनाव पार्षद की तर्ज पर होना चाहिए। टीवीसी में संबंधित निकाय का कमिश्नर या सीएमओ पदेन अध्यक्ष होता है। जानकारी के अनुसार, सडक किनारे हाट बाजार, ठेले, पटरी, फुटपाथ पर सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए केंद्र सरकार ने 2014 में स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट लागू किया। इस एक्ट के तहत सभी राच्यों को नियम बनाकर लागू करना था। एमपी में 24 अप्रैल 2017 को नियम बनाकर पथ विक्रेता अधिनियम को लागू कर दिया गया। इस एक्ट के नियमानुसार राज्य के सभी नगरीय निकायों में टीवीसी का गठन चुनाव के जरिए कराने का प्रावधान है। इन चुनाव में सदस्य बनने के लिए वही उम्मीदवार खड़ा हो सकता है ता है जो खुद एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में नगर निगम में दर्ज हो। इसके बाद भी राज्य सरकार के एक भी निकाय में इसका पालन नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि बिना टाउन वेंडिंग कमेटी के ही शहरों में गुमटियों का जाल बिछाया जा रहा है।

### हिन्दू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ होंगे सम्मेलन

# उज्जैन के 7 नगरों की 40 बस्तियों में आज विराट हिन्दू सम्मेलन

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

आज रविवार को उज्जैन के 7 नगरों की 40 बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज 40 बस्तियों में आयोजित होने वाले इन सम्मेलनों में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बौद्धिक सत्र तथा सहभोज का भी आयोजन होगा। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है, जिसे इन हिन्दू सम्मेलनों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा। जिला आयोजन टोली, हिन्दू सम्मेलन उज्जैन ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर आयोजनों को सफल बनाने की अपील की है।

### सम्मेलनों में होंगे ये कार्यक्रम

सम्मेलनों में होंगे ये प्रमुख कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों, मातृशक्ति और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, भजन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, बौद्धिक सत्र, पुरस्कार वितरण एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। आयोजकों का कहना है कि इन कार्यक्रमों से समाज में सांस्कृतिक मूल्यों और एकता की भावना को बल मिलेगा।

### इन बस्तियों में होंगे सम्मेलन

**केशव नगर में 11 बस्तियों में सम्मेलन:** केशव नगर क्षेत्र की 11 बस्तियों में सम्मेलन आयोजित होंगे। क्षिप्रा,




वीर दुगार्दास, गोपाल मंदिर, रामानुजकोट, हरसिद्धि और चारधाम बस्ती में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे। राजाभाऊ महाकाल बस्ती में प्रातः 10:30 बजे, जयसिंहपुरा, अहिल्या,रानी लक्ष्मीबाई और डाबरीपीठा बस्तियों में प्रातः 11 बजे सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

### विक्रमादित्य नगर की बस्तियों में आयोजन

विक्रमादित्य नगर क्षेत्र में मातागुजरी बस्ती में प्रातः 10:30 बजे, सांदीपनी, हीरामिल और तिलक बस्ती में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे। क्षीरसागर क्षेत्र में भी सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

### मधुकर नगर की चार बस्तियों में सम्मेलन

मधुकर नगर क्षेत्र में इंदिरा नगर, रवींद्रनाथ, मारुति और महावीर बस्तियों में प्रातः 10:30 बजे एक साथ विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

### सुदर्शन नगर में आयोजन

सुदर्शन नगर की रामरामेश्वर बस्ती में प्रातः 10:30 बजे सम्मेलन होगा।

### माधव नगर क्षेत्र में चार स्थानों पर सम्मेलन

माधव नगर के लक्ष्मीनगर, सेठीनगर, वाघेश्वरी और शंकरपुर बस्तियों में प्रातः 10 बजे हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

### राजेंद्र नगर की नौ बस्तियों में कार्यक्रम

राजेंद्र नगर क्षेत्र की पुष्कर, शास्त्री नगर, संत बालिनाथ, अलखधाम, संत नगर, ऋषि नगर, वेद नगर और विद्यापति बस्तियों में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे, जबकि नानाखेड़ा बस्ती में प्रातः 11 बजे आयोजन किया जाएगा।

### कालिदास नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सम्मेलन

कालिदास नगर अंतर्गत महामृत्युंजय बस्ती में प्रातः 10 बजे, महाकाल बस्ती में प्रातः 11 बजे, अभिलाषा और महालक्ष्मी बस्तियों में प्रातः 10:30 बजे सम्मेलन होंगे। नागझिरी क्षेत्र में सायं 4 बजे सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### विराट हिंदू महासम्मेलन की पूर्व संध्या पर जयसिंहपुरा बस्ती ने निकाली आह्वान यात्रा

विराट हिंदू महासम्मेलन की पूर्व संध्या पर जयसिंहपुरा बस्ती द्वारा नीलगंगा थाने के पीछे राजीव रत्न कॉलोनी से शनिवार शाम 6:00 बजे एक विशाल संध्या फेरी आह्वान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यात्रा में प्रमुख रूप से संयोजक अशोक माली, सह संयोजक केसर सिंह माली, भारत भाट, लखन मीणा, मनोरमा बाई राठौर, कोषाध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, अंकुर भावसार एवं संपूर्ण हिंदू महा सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आज जयसिंहपुरा बस्ती में जैन मंदिर में विराट हिंदू महासम्मेलन आयोजित होगा। हिंदू महासम्मेलन आयोजन समिति ने समस्त हिंदू समाज से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार




### दिल्ली में वित्त मंत्रियों के साथ प्री-बजट बैठक में उप मुख्यमंत्री ने रखा पक्ष

# सिंहस्थ 2028: 20 हजार करोड़ का विशेष पैकेज मांगा


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए मप्र सरकार ने केंद्र से 20 हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मांगा है। यह मांग केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुई बैठक में रखी गई। यह बैठक शनिवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की प्री-बजट मीटिंग में हुई।

मप्र के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि सिंहस्थ में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उनकी सुविधा के लिए सड़कें, पुल-पुलिया, क्षिप्रा नदी पर पक्के घाट, ठहरने के स्थल और अस्पताल विकसित किए जा रहे हैं। फिलहाल 20 हजार करोड़ से अधिक के अधोसंरचना कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। केंद्र से विशेष पैकेज मिलने पर ये काम और बेहतर तथा तेजी से पूरे हो सकेंगे।

मप्र ने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने राज्य का जीएसडीपी 16.94 लाख करोड़ आंका है, जबकि केंद्र कर्ज सीमा के लिए 15.44 लाख करोड़ मानता है। आयोग के आंकड़े मानने पर मप्र 4500 करोड़ अधिक कर्ज ले सकेगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार लगातार विकास कार्यों पर खर्च बढ़ा रही है। 2024-25 में पूंजीगत व्यय 67,441 करोड़ रहा, जो 2023-24 के 56,539 करोड़ रुपए से 19% अधिक है। इसी तरह 2025-26 में पूंजीगत खर्च 82,513 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष से 22% ज्यादा है। इससे साफ है कि सरकार बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ा रही है।



**सिंहस्थ 2028 हेतु 20 हजार करोड़ विशेष पैकेज मांगा**

**केंद्रीय वित्त मंत्री की प्री-बजट बैठक में मांग रखी**

**उज्जैन में सड़क, घाट, पुल, ठहराव सुविधाएं विकसित**

### ऋण लेने के लिए प्रदेश की जीडीपी की सीमा बढ़ाएं

जगदीश देवड़ा ने बैठक में कहा कि भारत सरकार द्वारा ऋण प्राप्त करने की सीमा की गणना के लिए प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15 लाख 44 हजार 141 करोड़ रुपये मान्य किया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने की सीमा सकल राज्य घरेलू उत्पाद 16 लाख 94 हजार 477 करोड़ रुपये के मान से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऋण सीमा के निर्धारण के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा बताई गई गणना प्रक्रिया के अनुसार ही प्रदेश का जीएसडीपी मान्य की जाए।

### औसत वार्षिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत से अधिक

देवड़ा ने कहा कि भारत को सभी क्षेत्रों में विकसित करने के लिए बनाई गई नीतियों और कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश अपनी पूरी क्षमता से योगदान देगा। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में मध्य प्रदेश के संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद की गणना, वस्तु एवं सेवा कर आदि के बारे केंद्रीय वित्त मंत्री को प्रदेश की स्थिति बताई। कहा, राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की औसत वार्षिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। पूंजीगत कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में राशि बढ़ाने की भी मांग भी उन्होंने रखी।

## न्यूज ब्रीफ

### मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन इंदौर में होगा

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा आगामी 28झ 29 जनवरी को इंदौर में मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन किया जा रहा है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर एवं मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ,भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में होगा । यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय परिसर राज मोहल्ला में आयोजित दो दिवसीय मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मनमोहन वैध उपस्थित रहेंगे। ज्ञान सभा का प्रथम दिवस मध्यप्रदेश में विद्यालयीन शिक्षा पर केंद्रित रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल आधारित शिक्षण,विकसित भारत के परिपेक्ष में विद्यालयीन शिक्षक विद्यार्थी , पालक और समाज की भूमिका , तथा शिक्षा में मातृभाषा के समावेश पर मंथन होगा। ज्ञानसभा के दूसरे दिवस मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों , महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन , उच्च शिक्षा में अनुसंधान नवाचार एवं उद्यमिता, वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु छात्र तैयारी एवं उच्च शिक्षा को व्यावहारिक एवं व्यवसायिक स्वरूप प्रदान करना विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा। मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के मुख्य संरक्षक के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तम दास पसारी, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल के सभापति प्रो खेमसिंह डहेरिया का सानिध्य प्राप्त रहेगा।

### संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलाया जाएगा

**उज्जैन।** सुशासन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संकल्प से समाधान अभियान आगामी 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस) से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक पूरे प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा सेवाओं का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा, ताकि गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और सभी वर्ग आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बन सकें। अभियान को चार चरणों में विभाजित किया गया है,

प्रथम चरण ( 12 जनवरी से 15 फरवरी ) में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र की जाएंगी। ये आवेदन उट हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे। द्वितीय चरण (16 फरवरी से 16 मार्च 2026) में क्लस्टर/जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदि इसके नोडल अधिकारी होंगे। तृतीय चरण (16 मार्च से 26 मार्च 2026) में विकासखंड/ब्लॉक स्तर पर शेष आवेदनों का समाधान। जहां नगर पालिका/पंचायत साथ हों, वहां संयुक्त शिविर लगाए जाएंगे।

### महाकाल के दरबार पहुंचीं अभिनेत्री शिल्पा और शमिता शेट्टी

# बाबा महाकाल ने बुलाया और मैं दौड़ी चली आई..

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टीऔर शमिता शेट्टी ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती में सम्मिलित होकर आज दर्शन लाभ प्राप्त किए। इस दौरान दोनों बहने बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। उन्होंने जय श्री महाकाल का उद्घोष कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी आज बाबा महाकाल के दर्शन करने धार्मिक नगरी उज्जैन आई थी, जहां आपने महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। बाबा महाकाल के दर्शन और पूजन के समय आप प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दी आपने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी और बाबा महाकाल के स्वरूप को निहारा। बाबा महाकाल के पूजन दर्शन और उनके श्रृंगार के दौरान आप पूरी तरह भगवान महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दी।



**नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी**

### महाकाल से कहां मुझे जल्द वापस बुलाना

बाबा महाकाल के दर्शन कर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने मीडिया से कहा कि जब तक बाबा का बुलावा नहीं आता तब तक कोई उनके मंदिर तक नहीं पहुंच पाता है। ऐसा लगता है जैसे मेरा बुलावा आ गया था। इसीलिए मुझे भगवान के दर्शन करने का यह लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा मैंने पहली बार इस तरह की आरती देखी है, जिसमें भगवान के अद्भुत अविश्वसनीय और अकल्पनीय दर्शन हुए हैं। मंदिर की व्यवस्थाएं काफी अच्छी हैं, जिसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। आपने यह भी कहा कि मैंने बाबा महाकाल से कह दिया है कि वह मुझे जल्द से जल्द वापस बुलाएं। वहीं अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने कहा कि मैं बहुत बड़ी शिव भक्त हूं। पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने आई हूं। मेरा बुलावा आया था इसलिए मैं यहां दौड़ी चली आई।

## सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार सुबह सिंहस्थ मेला कार्यालय सभागृह में नगर निगम, उज्जैन विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्रगतिरत कार्यों में समय सीमा में लक्ष्य अनुरूप चल रहे कार्यों की कलर कोडिंग ग्रीन कलर में करें और समय से लक्ष्य अनुरूप प्रगति ना होने वाले कार्यों की कलर कोडिंग अलग रखें। क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर विशेष ध्यान दें। बैठक में नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि राजस्व कॉलोनी का वर्क ऑर्डर हो गया है।

गदा पुलिया से मंशामन रोड़ का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। डी मार्ट के सामने वाला लेफ्ट साइड का कार्य पूर्ण हो चुका है, राइट साइड का कार्य अभी प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण के कार्यों का प्रस्ताव बनाकर शीघ्रता से भेजे। यूडीए के कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि लड्डू यूनिट का कार्य मार्च तक पूर्ण हो जाएगा। यूनिटी मॉल का कार्य समय सीमा में प्रगतिरत है। गढ़कालिका मंदिर से पीर मत्स्येंद्र नाथ मार्ग का काम भी शुरू हो गया है। जीवनखेड़ी ब्रिज का कार्य शुरू हो चुका है। स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वीर भारत न्यास की ड्राइंग डिजाइन जल्दी भेजे। बैठक में विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड, नगर निगम प्रभारी आयुक्त श्री संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी, नगर निगम अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमंतेश्वर महादेव विश्व का एक मात्र प्राचीन शिवलिंग जहां पर तेल और तिल चढ़ाया जाता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन में विराजित 84 महादेव में से 79 / 84 महादेव श्री हनुमंतेश्वर महादेव सभी असम्भव कार्यों को संभव करने वाले महादेव है। श्री हनुमंतेश्वर महादेव पर सभी बाधाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान पर तेल और तिल चढ़ाया जाता है। स्कंद पुराण में वर्णित इस मंदिर पर शनिवार और मंगलवार को तेल और तिल चढ़ाने का विशेष महत्व बताया गया है। श्री हनुमंतेश्वर महादेव विश्व का एकमात्र प्राचीन शिवलिंग है जहां शिवलिंग पर तेल और तिल अर्पित किया जाता है।

## भारत-न्यूजीलैंड वनडे: काली मिट्टी के पिच पर होगा मुकाबला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। यह मैच स्टेडियम के 9 पिचों में से सेंटर विकेट के साथ ही काली मिट्?टी से बनी पिच पर खेला जाना है। पिच क्यूरेटर मनोहर जामले के अनुसार यह पिच बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों के लिए भी मददगार रहेगा। इसमें टॉस अहम होगा, क्योंकि दूसरी पारी में ओस आ जाती है। जिससे बाद में बैटिंग करने वालों को फायदा मिलता है।

### 15 को आएगी टीम, 16-17 को प्रैक्टिस

मुकाबले के लिए 15 जनवरी को भारतीय और न्यूजीलैंड की टीम इंदौर आ जाएंगी। 16 और 17 जनवरी को प्रैक्टिस सेशन रहेगा। प्रैक्टिस के लिए गेल एंड के दोनों ओर तीन-तीन विकेट बनाए गए हैं। इसके अलावा अमय खुरासिया इनडोर एकेडमी में दो काली मिट्टी के पिच तैयार किए हैं। साथ ही स्टेडियम में बनी एकेडमी में दो विकेट तैयार हैं। फिलहाल मैदान पर बड़ी घास है, जिसकी छंटनी की जाना बाकी है।

# हादसे को याद कर सहम जाती है अनुष्का, मल्टीपल फ्रैक्चर हुए

## पार्टी के बाद चारों कहां गए, जांच जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

तेजाजी नगर में हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल थी। सभी बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसे में घायल अनुष्का राठी के शरीर में मल्टीपल फ्रैक्चर के अलावा सिर में क्लॉटिंग भी हुई है। उनका रविवार को ऑपरेशन है। जब भी थोड़ा होश आता है, वे हादसे को याद कर सहम जाती हैं।

रालामंडल के पास हुए हादसे में प्रखर कासलीवाल, प्रेरणा बच्चन और मन संधू की मौत हो गई थी। अनुष्का गंभीर घायल होकर आईसीयू में भर्ती हैं। मां रंजना राठी ने बताया, अनुष्का को मल्टीपल फ्रैक्चर हुए हैं। डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक डंपर के दोनों ड्राइवर संदीप मौर्य और सुनील कानशा को जेल भेज दिया गया है।



**प्रेरणा उछलकर डंपर से टकराई थी-** इस मामले में पुलिस और एफएसएल की शुरूआती जांच में सामने आया है कि प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा कार की पिछली सीट पर बीच में बैठी थीं। टक्कर के झटके से वह उछलकर आगे गिरी और सीधे डंपर से सिर टकराने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मन के घर अनुष्का चलाकर ले गई थी कार

टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया, देर रात पार्टी के बाद फार्म हाउस से निकलने के बाद अनुष्का ही मन संधू के घर तक कार चलाकर ले गई थी, जबकि अनुष्का की कार फार्म हाउस पर ही खड़ी थी। पुलिस ने चारों की सीडीआर मंगवाई, जिसके आधार पर जांच की जा रही है कि चारों रात में कहां गए थे। इसके अलावा शुक्रवार को एफएसएल की टीम ने घटनास्थल और ट्रक पर लगे खून-बालों के सैंपल लिए हैं। इसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### यातायात नियमों के पालन को 17वां संस्कार बनाएं

एक्सपर्ट के अनुसार, 2025 के पहले 10 महीनों में 1600 से अधिक सड़क हादसों में 122 मौतें हुई हैं। ये उन घरों की कहानी है, जहां एक्सीडेंट में जानें गई हैं। शहर की सड़कों पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, लाल बत्ती को चुनौती देते, रॉन्ग साइड फुल स्पीड में भागते युवा, शराब के नशे में अंध गति से दौड़ते वाहन देखने को मिलेंगे। ट्रैफिक नियम पालन के लिए अभियान चलते हैं। चालान भी कटते हैं, लेकिन लोगों का व्यवहार नहीं बदला। यह स्पष्ट है कि ट्रैफिक समस्या कानूनी नहीं, संस्कारों की भी है। समय आ गया है कि यातायात नियम पालन को 17वां संस्कार माना जाए।

### सोयाबीन में 100 रुपए की गिरावट

**उज्जैन।** मंडी में सोयाबीन के भाव में 100 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है, जिसे भाव का करेक्शन माना जा रहा है। पिछले पांच दिनों में सोयाबीन के भाव में 600 रुपए की वृद्धि हुई थी। विदेशी सोयाबीन की आवक में देरी के कारण स्थानीय प्लांट अधिक स्टॉक कर रहे हैं। शनिवार को सोयाबीन की खरीदी 5100 से 5125 रुपए प्रति क्विंटल पर हुई। इस वर्ष प्लांट वालों ने बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदी है, जबकि आम व्यापारी और मोटर बिल्टी का व्यापार करने वाले सीजनभर व्यापार नहीं कर पाए।

## अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने रविवार को उज्जैन पहुंचकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने ने महाकालेश्वर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर दर्शन के दौरान महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से जनसंपर्क शाखा प्रभारी नवीन शर्मा ने अभिनेता आशीष विद्यार्थी का स्वागत किया। इसके बाद आशीष विद्यार्थी ने कोटि तीर्थ कुंड स्थित प्राचीन श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत अभिषेक एवं पूजन भी किया। मंदिर दर्शन के बाद अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने अपनी आध्यात्मिक अनुभूति साझा करते हुए कहा कि महाकाल के दर्शन से मन को शांति और ऊर्जा मिलती है।


## अपर आयुक्त सहित खिलाड़ियों का सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष टैगोर का अभिनंदन किया गया। अध्यक्षता संस्था चेयरमेन की। सूत्रधार शैलेंद्र व्यास थे। टैगोर का जितेंद्र सिंह कुशवाह, जयसिंह यादव, कमल नंदवाना, आनंद सोलंकी, अभिषेक सिंह राठौड़, आकाश सिंह परिहार ने शाल-श्रीफल और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर वेस्टर्न इंडिया एवं मिस्टर मध्य प्रदेश खिताबधारी कमलेश चांगल, मध्य प्रदेश में गोल्ड मेडलिस्ट वसीम खान, समीर अंसारी, पावर लिफ्टिंग में मीनाक्षी कनकने, मयंक जोशी, प्रिंस परिहार, दिलीप गहलोत और तैराकी में 10 किमी के गोल्ड मेडलिस्ट अविनाश टाटावत का भी सम्मान किया गया।



## मच्छर औ हवा



एक बार एक मच्छर ने अपनी न्याय-व्यवस्था के लिए मशहूर पैगंबर सुलेमान के दरबार में गुहार लगाई कि हवा ने हम पर ऐसे-ऐसे जुल्म किए हैं कि हम गरीब बागों की सैर भी नहीं कर सकते। जब भी फूलों के पास जाते हैं, हवा हमें उड़ा ले जाती है। हम सुख और आनंद से वंचित कर दिए जाते हैं। दोनों जहां में आपके इंसाफ की धूम है। हमारा भी न्याय कीजिए।

पैगंबर सुलेमान ने कहा- फरियादी, तुम्हें पता नहीं कि मेरे शासनकाल में अन्याय का नामोनिशान नहीं है। मेरी दुनिया में जालिम का काम ही क्या? मच्छर ने कहा, बेशक हुजूर, आपका कथन सत्य है। हम पर भी करम कीजिए और दुष्ट हवा के अत्याचार से हमारी मच्छर जाति को बचाइए। पैगंबर सुलेमान ने कहा, हम तुम्हारा इंसाफ अभी करते हैं, मगर सुनवाई के लिए दूसरे पक्ष का होना भी जरूरी है। जब तक दोनों ओर के बयान न लिखे जाएं, तब तक तहकीकात नहीं हो सकती, इसलिए हवा को बुलाना जरूरी है।

दरबार से जब हवा के नाम हुक्म पहुंचा, तो वह पूरे वेग से दौड़ती हुई वहां पहुंची। उसके आते ही मच्छर ठहर नहीं सके। उन्हें भागते ही बना। जब मच्छर भाग रहे थे, सुलेमान ने पूछा, इंसाफ चाहते हो, तो भाग क्यों रहे हो? मच्छर बोला, हवा जब आती है, तो हमें भागना ही पड़ता है, वरना जान नहीं बच सकती। यही दशा इंसान की है। जब तक उसमें अना (अहंकार) का भाव मौजूद रहता है, तब तक उसे ईश्वर नहीं मिलता और जब ईश्वर मिलता है, तो उसका अहंकार बिल्कुल मिट जाता है।

सम्पादकीय

# अशांति के अनेक मोर्चे

डोनाल्ड ट्रंप की मुसलसल मनमानी, यूक्रेन-रूस युद्ध में आए दिन घातक हथियारों का इस्तेमाल, ईरान में बगावत, डेनमार्क की चेतावनी के अलावा भी ऐसे अनेक अफसोसनाक मोर्चे दुनिया में खुल गए हैं, जिनसे अमन-चैन मानो लुट गया है। कोई दोराय नहीं कि अमेरिका सबसे ताकतवर देश है और उसके फैसलों की आंच से आज पूरी दुनिया तप रही है। कम शब्दों में कहें, तो बीते वर्ष में शुरू हुए अमेरिका को फिर से महान बनाने के बेतरतीब अभियान ने संसार को संकट में डाल लिया है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बंधुत्व से जुड़ी अनेक महान वैश्विक परंपराओं की पालना अब सपना होती जा रही है। जो अमेरिका पहले दुनिया में हर अच्छी पहल में आगे बढ़कर योगदान देता था, वह करीब 66 वैश्विक जिम्मेदारियों या संगठनों से हाथ पीछे खींच चुका है। अमेरिका ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जिसमें उसे न दुनिया के स्वास्थ्य की परवाह है और न पर्यावरण की। ऐसी तमाम अच्छी कोशिशों को डोनाल्ड ट्रंप दोटूक फिजूल ठहरा रहे हैं। कथनी-करनी का अंतर और अमेरिका की दोहरी नीतियां भी बहुत नुकसान पहुंचा रही हैं।

वेनेजुएला पर हमले के बाद अमेरिका की निगाह ग्रीनलैंड पर है, लेकिन उसे सबसे तगड़ी धमकी या चेतावनी डेनमार्क की ओर से मिली है। डेनमार्क ने साफ इशारा कर दिया है कि अमेरिका अगर दुस्साहस दिखाता है, तो डेनमार्क ईंट का जवाब पत्थर से देगा। विश्व के लिए यह त्रासदी ही है कि ट्रंप के रुख में आए दिन परिवर्तन दिखने लगा है, दूसरे देशों को तालमेल बिठाने में बहुत परेशानी हो रही है। समय के साथ उनके बयान बदलते रहते हैं, लेकिन ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि दूसरे देशों के नेताओं के बारे में उनकी टिप्पणियां अक्सर कूटनीतिक भूचाल पैदा कर देती हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों हों या भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इन दो बड़े नेताओं के बारे में ट्रंप के बयानों पर आप गौर करेंगे, तो पाएंगे कि समस्याएं बढ़ रही हैं और समाधान कठिन होते जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात कि दशकों की मेहनत से यूरोप और अमेरिका के बीच जो तालमेल बना था, उसे ट्रंप ने चौपट कर दिया है। पहले अमेरिका की एक आवाज पर यूरोपीय देश साथ खड़े हो जाते थे, लेकिन अब यूरोपीय देशों ने अपनी विदेश नीति को अपने अनुरूप बनाना शुरू कर दिया है। भारत की भी चिंता बढ़ी है। अमेरिका अगर भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ थोपता है, तो उसका यह कदम शत्रुता से कम नहीं होगा।

12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशेष

# स्वामी विवेकानंद : एक विचार, जो रहेगा युगों तक जीवंत



स्वामी विवेकानंद जी केवल एक महान संन्यासी ही नहीं, बल्कि एक ऐसे विचार थे जो मानव जाति के सर्वांगीण उत्थान के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके विचार समस्त जाति, धर्म, संप्रदाय और समुदाय के लिए सदैव हितकारी रहे हैं। उन्होंने मानव के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं नैतिक विकास पर समान रूप से बल दिया। यदि आधुनिक काल के परिदृश्य पर दृष्टिपात किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि विज्ञान के क्षेत्र में आज जो प्रगति राष्ट्र कर रहा है, उसके मूल में कहीं न कहीं स्वामी विवेकानंद जी के विचार निहित हैं। वे एक ओर जहाँ अध्यात्म के प्रबल समर्थक थे, वहीं दूसरी ओर विज्ञान के प्रति भी उनका दृष्टिकोण वैज्ञानिक, तर्कसंगत एवं सार्वभौमिक था।



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

आज भारत सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु जो अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, उनकी मूल भावना भी स्वामी विवेकानंद जी की उसी सोच से प्रेरित प्रतीत होती है। उनका मानना था कि यदि व्यक्ति को आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ, तो वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है। स्वामी जी ने योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य पर बल दिया, वहीं सतत क्रियाशील रहकर जीवन एवं करियर को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा भी दी। विशेष रूप से युवा वर्ग को उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर, एक निश्चित दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। आज भी जो लोग उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर रहे हैं, वे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर उन्नति करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

भारतीय इतिहास में जहाँ सावित्रीबाई फुले ने नारी शिक्षा की अलख जगाई,वहीं स्वामी विवेकानंद जी ने भी विषम परिस्थितियों में उनके विचारों को आगे बढ़ाया। उनका स्पष्ट मत था कि पुरुष और स्त्री समाज की गाड़ी के दो पहिए हैं; यदि दोनों शिक्षित और सशक्त होंगे, तभी परिवार,समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। आज इसका परिणाम हम देख रहे हैं कि छोटे-छोटे अंचलों में भी माता-पिता अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहे हैंस्वामी विवेकानंद जी का प्रकृति के प्रति भी विशेष लगाव था। उनका विश्वास था कि यदि प्रकृति स्वस्थ और हरी-भरी रहेगी, तभी समस्त जीव-जगत का अस्तित्व सुरक्षित रह सकेगा। आज पर्यावरण संरक्षण की जो आवश्यकता हम अनुभव कर रहे हैं, वह उनके विचारों की ही पुष्टि है। ह्यएक पौधा माँ के नामह्ल जैसी पहलें इसी दिशा में सार्थक कदम हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे,क्योंकि स्वच्छ हवा,शुद्ध जल और पर्यावरण का संरक्षण हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है। जल का कोई विकल्प नहीं है, अतः उसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

स्वामी विवेकानंद जी का प्रसिद्ध नारा था—ह्लजब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, तब तक चुपचाप मत बैठोह्व आज के समय में जो व्यक्ति इस मंत्र का अनुसरण कर रहा है,वह सामाजिक,आर्थिक, व्यावसायिक,शैक्षिक एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाकर निरंतर प्रगति कर रहा है। वास्तव में, स्वामी जी एक ऐसे विचार हैं जो हर काल में हमारे मस्तिष्क और चेतना में जीवंत रहते हैं। केवल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाकर ही हम अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं कर सकते। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि उनकी शिक्षाएँ आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचें और वे उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित हों। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी,जो राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव बनेगी।

स्वामी जी की यह भी कामना थी कि व्यक्ति के पास शिक्षा के साथ-साथ हुनर भी हो,जिससे वह अपने जीवन को आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ा सके। आज तकनीक के अनेक क्षेत्र हमारे सामने खुले हैं, जिनका समर्थन सरकार भी कर रही है। जो लोग इन अवसरों का लाभ उठा रहे हैं, वे अपनी आजीविका को सशक्त बना रहे हैं। तकनीकी क्षेत्र में भारत तेजी से विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। यदि देश का प्रत्येक नागरिक जाति और धर्म की संकीर्णता से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित हो जाए, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई शक्ति रोक नहीं सकती। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपनी कमियों को पहचानें, समस्याओं को दूर करें और सरकार के साथ-साथ बुद्धिजीवी वर्ग मिलकर ऐसे कार्यों को क्रियान्वित करें, जो राष्ट्र के समग्र विकास में सहायक होंस्वामी विवेकानंद जी ने संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए समय-समय पर विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाया। शिकागो धर्म सम्मेलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने अनेक अवसरों पर भारत की संस्कृति, दर्शन और सोच से दुनिया को परिचित कराया। एक सच्चे देशभक्त के रूप में वे सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेंग।

# नैतिकता का कबाड़खाना

आज के दौर में नैतिकता कोई 'चरित्र' नहीं, बल्कि वह 'सॉफ्टवेयर' है जिसे हम अपनी सुविधा के अनुसार अपडेट या अनइंस्टाल करते रहते हैं। पतन अब कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'करियर विकल्प' बन चुका है। लोग अब गिरते नहीं हैं, बल्कि गिरने की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करते हैं। समाज का नैतिक ढांचा उस जर्जर इमारत की तरह है, जिसके बिल्डर ने सीमेंट की जगह सफेद झूठ का इस्तेमाल किया है। यहाँ ईमानदारी एक मानसिक बीमारी मानी जाती है और भ्रष्टाचार को 'मैनेजमेंट स्किल' का नाम देकर पुरस्कृत किया जाता है। हमने मूल्यों को रद्दी के भाव बेचकर उस पैसे से 'स्टेटस' खरीदा है, और अब उसी स्टेटस को नैतिकता का चश्मा लगाकर निहार रहे हैं।

इस प्रजाति की नैतिकता पूरी तरह से 'मेगापिक्सेल' और 'इंटरनेट बैंडविड्थ' पर टिकी होती है। इनके लिए दान देना एक मानवीय क्रिया नहीं, बल्कि एक 'कंटेंट क्रिएशन' का अवसर है। यदि ये किसी भूखे को एक बिस्कुट का पैकेट भी देते हैं, तो पहले यह सुनिश्चित करते हैं कि गरीब का चेहरा दयनीय दिखे और इनके हाथ का 'दान' कैमरे के फ्रेम में बिल्कुल साफ आए। इनकी नैतिकता तब तक जागृत नहीं होती, जब तक फोन की बैटरी चार्ज न हो। अगर फोटो धुंधली आ जाए, तो ये उस लाचार व्यक्ति को दोबारा 'पोज' देने के लिए मजबूर करते हैं, मानो वह कोई मॉडल हो। इनके सोशल मीडिया वॉल पर पुण्य की ऐसी प्रदर्शनी लगी होती है कि साक्षात ईश्वर भी भ्रमित हो जाए कि असली भगवान ये हैं या वह स्वयं। इनके लिए परोपकार वह निवेश है, जिसका लाभांश इन्हें 'लाइक्स' और 'शेयर्स' के रूप में तुरंत चाहिए। यदि इंटरनेट बंद हो जाए, तो इस प्रजाति की सारी करुणा और नैतिकता तुरंत कोमा में चली जाएगी। इनका मानना है कि गुप्त दान जैसी चीजें पुराने जमाने की दकियानूसी बातें थीं; असली पुण्य तो वही है जो 'ट्रेंड' कर सके और जिसके पीछे बैकग्राउंड म्यूजिक में कोई इमोशनल धुन बज रही हो। ये समाज के वे 'नैतिक गिद्ध' हैं जो किसी की मृत्यु का समाचार मिलते ही दुखी होने के बजाय अपनी गैलरी में उस मृतक के साथ अपनी सबसे 'हैंडसम' फोटो तलाशने लगते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 जनवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:56
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - नवमी 12:43 उपरांत दसमी
नक्षत्र - स्वाति 21:05 उपरांत विशाखा
योग - धृति 18:12 उपरांत शूल
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 22 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मिथुन-** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क-** काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**सिंह-** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा।

**कन्या-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक-** तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**धनु-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। किसी व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मकर-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मीन-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

| युग-द्रष्टा स्वामी विवेकानंद की जयंती |

# भारत की सुप्त आत्मा का जागरण: स्वामी विवेकानंद कालातीत सूर्योदय

जब मैं अपनी आँखें बंद करता हूँ और भारत की उस सनातन आत्मा का स्मरण करता हूँ, जो युगों से सत्य, प्रेम और साहस की प्रेरणा देती रही है, तो मेरे अंतःकरण में स्वामी विवेकानंद का तेजस्वी स्वरूप सजीव हो उठता है। वह स्वरूप केवल एक महापुरुष का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक है; वह वाणी केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि आत्मजागरण का महाघोष है। 12 जनवरी 1863—यह तिथि केवल एक जन्म-दिन नहीं, बल्कि भारत की आत्मा में प्रज्वलित हुई उस अग्नि का स्मरण है, जिसने सुप्त राष्ट्र को जाग्रत किया और विश्व को भारतीय अध्यात्म की विराटता से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद कोई साधारण संन्यासी नहीं थे; वे उस अमर मशाल के समान थे, जिसकी लौ आज भी मानवता को दिशा दे रही है। उनकी जयंती हमें नमन करने का अवसर देती है—न केवल उनके जीवन को, बल्कि उस आत्मविश्वास, करुणा और निर्भीकता को, जो उन्होंने भारत की चेतना में प्रवाहित की।




प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में नरेंद्र नाथ दत्त के रूप में हुआ। बाल्यकाल से ही उनके व्यक्तित्व में असाधारण तेज, निर्भीकता और जिज्ञासा स्पष्ट दिखाई देती थी। सत्य को जानने की उत्कंठा, ईश्वर के साक्षात्कार की तीव्र प्यास और तर्कशील बुद्धि उन्हें अपने समकालीनों से भिन्न बनाती थी। 1881 में रामकृष्ण परमहंस से हुई उनकी भेंट उनके जीवन की निर्णायक घटना सिद्ध हुई। रामकृष्ण ने उनके भीतर उस सुप्त सूर्य को पहचान लिया, जो आगे चलकर संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाला था। गुरु के सान्निध्य में नरेंद्र से विवेकानंद बनने की यह यात्रा केवल एक साधक की साधना नहीं थी, बल्कि भारत के आत्मबोध की यात्रा थी।

रामकृष्ण परमहंस के महाप्रयाण के पश्चात, विवेकानंद ने अपने गुरु के संदेश को विश्व तक पहुँचाने का संकल्प लिया। यह संकल्प केवल आध्यात्मिक प्रचार का नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण का था। 1893 का शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन उनके जीवन का वह ऐतिहासिक क्षण बना, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई। जब उन्होंने ह्लमेरे अमेरिकी भाइयों और बहनोंह्व कहकर अपना संबोधन प्रारंभ किया, तो सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट केवल शिष्टाचार नहीं थी—वह विश्व की आत्मा द्वारा भारतीय संस्कृति को दिया गया सम्मान था। सात मिनट के उस भाषण में उन्होंने वेदांत, सहिष्णुता और सार्वभौमिक भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरक है। स्वामी विवेकानंद का दर्शन रूढ़ परंपराओं की सीमाओं को तोड़ने वाला था। उन्होंने धर्म को केवल कर्मकांड और पूजा-पाठ तक सीमित नहीं किया। उनके लिए धर्म का अर्थ था—मानव सेवा, करुणा और निर्भय सत्य। वे स्पष्ट शब्दों में कहते थे, ह्लजो दरिद्र नारायण की सेवा नहीं करता, वह ईश्वर की सेवा का अधिकारी नहीं हो सकताह्व उनके इस विचार ने अध्यात्म को जीवन से जोड़ा और सेवा को साधना का सर्वोच्च रूप घोषित किया। 1897 में स्थापित रामकृष्ण मिशन उनके इसी विचार का सजीव उदाहरण है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के माध्यम से आज भी लाखों जीवनों को संवार रहा है।

उनके विचारों की सबसे बड़ी विशेषता थी—आत्मविश्वास की अग्नि। औपनिवेशिक दासता से ग्रस्त भारत को उन्होंने आत्मग्लानि से मुक्त होने का संदेश दिया। उनका उद्घोष—ह्लअपने को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैह्व—केवल वाक्य नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को झकझोरने वाला मंत्र था। उन्होंने युवाओं को यह विश्वास दिलाया कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मा में निहित है।

# गर्दन के दर्द से छुटकारा दिलाने में ये उपाय होंगे मददगार



आज के इस समय में स्वस्थ्य रहना एक कठिन चुनौती जैसा हो गया है । भागदौड़ भरी जिंदगी में कई प्रकार की समस्?याओं का सामना करना पड़ रहा है । गर्दन में दर्द की समस्या इन दिनों भारत में तेजी से बढ़ रही है और इसका सबसे बड़ा कारण है हमारी खराब जीवनशैली । शरीर का संतुलन और पॉस्चर सही न होने के कारण गर्दन में दर्द की समस्या देखने को मिलती है। अगर इसे सामान्य दर्द समझकर आपने इग्नोर किया और समय रहते इलाज नहीं करवाया तो यह समस्या कई और गंभीर बीमारियां का कारण बन सकती है।

### इन कारणों से होता है गर्दन में दर्द

यह ब्रेन से जुड़ी एक बीमारी है जिसमें ब्रेन और स्पाइनल कॉर्ड के आसपास मौजूद टीशूज में इन्फ्लेमेशन होने लगता है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों को बुखार और सिरदर्द के साथ ही गर्दन में दर्द और जकड़न की भी शिकायत होती है। लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज करने की बजाए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

रुमेटाइड आर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस, फाइब्रोमायल्जिया, स्पॉन्डिलाइसिस, स्पाइनल स्टेनोसिस आदि बीमारियों की वजह से भी गर्दन में दर्द की दिक्कत हो सकती है।

पॉस्चर सही न होने बिना पोजिशन चेंज किए लगातार घंटो डेस्क वर्क करने, सोते वक्त गर्दन की पोजिशन सही न होने या फिर एक्सरसाइज करते वक्त गर्दन में तेज झटका लगने की वजह से गर्दन की मांसपेशियों में तनाव या खिंचाव आ जाता है और इसी वजह से तेज दर्द महसूस होने लगता है। अगर आप गिर जाते हैं, कार एक्सिडेंट होता है या फिर स्पोर्ट्स के दौरान कोई चोट लगती है तो इस दौरान गर्दन में चोट लगने का खतरा सबसे अधिक होता है क्योंकि इस तरह की चोट में गर्दन की मांसपेशियां और लिगामेंट्स सामान्य से अधिक फोर्स के साथ हिल जाती है। सिर में अचानक झटका लगने की वजह से भी गर्दन में दर्द हो सकता है।

आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन गर्दन का दर्द हार्ट अटैक का भी एक लक्षण है। हालांकि यह एक मात्र लक्षण नहीं है क्योंकि गर्दन में दर्द के साथ ही आपको सांस लेने में तकलीफ, पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी आना, बाजू या जबड़े में दर्द जैसे लक्षण भी महसूस होंगे ।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,39,600, रवा- 1,39,500 चांदी- टंच- 2,40,700 पाट- 2,40,600।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

| स्वामी विवेकानंद का विश्वगुरु भारत खंडित विश्व के लिए वेदांत की प्रासंगिकता |

# जहाँ से विश्व को दिशा मिले : विवेकानंद और विश्वगुरु भारत की संकल्पना

इक्कीसवीं सदी का विश्व गहरे अंतर्विरोधों से घिरा हुआ है। एक ओर अभूतपूर्व वैज्ञानिक-तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण और संचार क्रांति है, तो दूसरी ओर युद्ध, जलवायु संकट, असमानता, नैतिक पतन और पहचान आधारित संघर्ष। यह खंडित और असंतुलित वैश्विक परिदृश्य किसी ऐसे वैचारिक मार्गदर्शन की मांग करता है, जो केवल भौतिक समाधान न दे, बल्कि मानवता को नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार भी प्रदान करे। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद का भारत को विश्वगुरु के रूप में देखने का दृष्टिकोण असाधारण रूप से प्रासंगिक प्रतीत होता है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

स्वामी विवेकानंद के लिए विश्वगुरु होने का अर्थ किसी राजनीतिक या सैन्य प्रभुत्व से नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक नेतृत्व, नैतिक मार्गदर्शन और सार्वभौमिक मानव मूल्यों के प्रसार से था। उनका विश्वास था कि भारत की वेदांत परंपरा—जो ह्यवसुधैव कुटुंबकम्ह्ल, सर्वधर्म समभाव और आत्मिक एकता पर आधारित है—विश्व की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। आज जब विश्व विचारधाराओं, राष्ट्रवादों और आर्थिक प्रतिस्पधाओं में बंटा हुआ है, विवेकानंद की यह दृष्टि पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठती है।

वेदांत का केंद्रीय सिद्धांत है—अद्वैत या एकत्व। यह मान्यता कि समस्त सृष्टि एक ही चेतना की अभिव्यक्ति है, आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्याओं—युद्ध, हिंसा और पर्यावरण विनाश—की जड़ पर प्रहार करती है। यदि मानव स्वयं को प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग माने, तो पर्यावरण शोषण की प्रवृत्ति स्वतः ही नियंत्रित होगी। आज का जलवायु संकट इसी अलगाववादी दृष्टि का परिणाम है, जिसमें प्रकृति को उपभोग की वस्तु माना गया। वेदांत का ह्यईशावास्यमिदं सर्वम्ह्ल का विचार सतत विकास और पर्यावरणीय नैतिकता के लिए सुदृढ़ दार्शनिक आधार प्रदान करता है।

स्वामी विवेकानंद ने धर्म को कर्म और समाज से जोड़कर देखा। उनके अनुसार सच्चा धर्म वह है जो मनुष्य को दुर्बल नहीं, बल्कि सशक्त बनाए। आज वैश्विक समाज जिस नैतिक संकट से गुजर रहा है—भ्रष्टाचार, नेतृत्व की विश्वसनीयता में गिरावट, उपभोक्तावाद—उसका समाधान इसी कर्मयोगी वेदांत में निहित है। कर्मयोग का सिद्धांत, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्यबोध पर आधारित है, आधुनिक शासन, राजनीति और कॉर्पोरेट नेतृत्व को नैतिक दिशा दे सकता है। जब नेतृत्व केवल लाभ और सत्ता के बजाय सेवा और उत्तरदायित्व से संचालित होगा, तभी वैश्विक विश्वास बहाल हो सकेगा।

विवेकानंद का वेदांत संकीर्ण परंपरावाद नहीं था। वे आधुनिक विज्ञान, तर्क और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने पश्चिमी विज्ञान और पूर्वी अध्यात्म के समन्वय की बात की। आज, जब तकनीक तीव्र गति से आगे बढ़ रही है, लेकिन उसके नैतिक परिणामों पर पर्याप्त विमर्श नहीं हो रहा, यह समन्वय अत्यंत आवश्यक हो जाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में वेदांतिक नैतिकता मानव-केंद्रित विकास सुनिश्चित कर सकती है, ताकि प्रगति मनुष्य को साधन न बनाकर उसका कल्याण करे।

वैश्विक असमानता आज की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। आर्थिक विकास के बावजूद संसाधनों का असमान वितरण, विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई को और गहरा कर रहा है। वेदांत का ह्यअपरिग्रहह्ल और ह्यलोकसंग्रहह्ल का विचार ऐसी आर्थिक व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें विकास समावेशी हो और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। विवेकानंद ने गरीबों और वंचितों की सेवा को ईश्वर की सेवा माना। यह दृष्टि कल्याणकारी राज्य, सामाजिक न्याय और वैश्विक उत्तरदायित्व की अवधारणाओं को नैतिक आधार प्रदान करती है। सांस्कृतिक स्तर पर, आज का विश्व पहचान की राजनीति और सांस्कृतिक टकरावों से जूझ रहा है। धर्म, नस्ल और राष्ट्र के नाम पर बढ़ती असहिष्णुता ने वैश्विक शांति को खतरे में डाल दिया है। विवेकानंद का सर्वधर्म समभाव और सांस्कृतिक बहुलता का संदेश ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



खेलो एमपी युथ गेम्स तहत हुई प्र्तियोगिताएं

## 3 हजार मीटर दौड़ में विधि व निर्वग्र ने मारी बाजी

**शुजालपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की खेलों एमपी युथ गेम्स अन्तर्गत शुजालपुर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता शनिवार को हुई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ब्लॉक समन्वयक हुकुमसिंह परमार ने बताया कि 3 हजार मीटर दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम निर्वग्र शर्मा, द्वितीय अमन प्रजापति, तृतीय गोतमसिंह, बालिका वर्ग में विधि राजपूत, द्वितीय आराध्या, 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम सुमित मीणा, द्वितीय देवेन्द्र उपलावदिया, तृतीय राज परमार, बालिका वर्ग में प्रथम मुस्कान राजपूत, द्वितीय सुहाना मेवाडा, तृतीय लक्ष्मी चौहान, लम्बी कुद बालक वर्ग में प्रथम विश्वास परमार, द्वितीय शुभम यादव, तृतीय अशद बैग, बालिका वर्ग में प्रथम वैशाली परमार, द्वितीय परी शेलार, तृतीय अलीना शेख, 800 मीटर बालक वर्ग में यश परमार प्रथम, द्वितीय सुजल मण्डलोई, तृतीय गोतम सिंह, बालिका वर्ग में प्रथम आर्या शर्मा, द्वितीय परी शेलार, तृतीय मुस्कान राजपूत रही। इसी प्रकार गोला फेक बालक वर्ग में प्रथम अंशुल पटेल, द्वितीय कौशतव सिंह, तृतीय आयुष वर्मा, बालिका वर्ग में प्रथम अरूषी सैनी, द्वितीय सलोनी मंडलावदिया, तृतीय दुर्गा सिसोदिया, चक्का फेक बालक वर्ग में प्रथम कौशतव सिंह, द्वितीय विजेन्द्र परमार, तृतीय सुजल परमार, बालिका वर्ग में प्रथम लक्ष्मी परमार, द्वितीय रागिनी परमार, तृतीय वर्षा मेवाडा, भाला फेक बालक वर्ग में प्रथम नीलेश गुर्जर, द्वितीय गोविंद राजपूत, तृतीय अमन, बालिका वर्ग में प्रथम लक्ष्मी परमार, द्वितीय सलोनी मंडलावदिया, तृतीय विधि भावसार, ऊंची कुद बालक वर्ग में प्रथम विश्वास परमार, द्वितीय सलीम खान तथा बालिका वर्ग में आर्य शर्मा विजेता रही।




छात्रों का उल्लेख कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया

## वार्षिकोत्सव में दी रंगारंग प्रस्तुतियां, पुरूस्कार वितरण भी हुआ

**शुजालपुर।** शहर स्थित श्रीरामचन्द्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन में स्व. रामचन्द्र चौबे की जन्म जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महेन्द्र जोशी, विशेष अतिथि एसडीओपी निमेष देशमुख मौजूद रहा तथा अध्यक्षता रामनारायण परमार ने की। संस्था अध्यक्ष अश्विनी चौधरी ने संस्था के आधुनिकरण करने और सीबीएससी बोर्ड लेने पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि महेन्द्र जोशी ने संस्था के पूर्व सफल छात्रों का उल्लेख करते हुए मौजूद बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। एसडीओपी देशमुख ने बच्चों को मोबाईल से दुरी बनाने और अनुशासन को अपनाने की सलाह दी। अतिथियों ने संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत किया, विशेष रूप से हाई स्कूल टापर नूतन रामचरण पंवार, हायर सेकेण्डी टापर अनुष्का शिवाजी पंवार को सम्मानित किया गया। साथ ही गौरांश पिता भगवानसिंह पाटीदार को फूटबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व पर सम्मानित किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य विनय देशपाण्डे द्वारा प्रस्तुत किया गया। संस्था द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी नगर में प्रभात फैरी घोष दल के साथ निकाली। कार्यक्रम का संचालन छात्रा नूतन पंवार, दिया प्रजापति, अनन्या प्रजापति एवं नैनिका जैन ने किया। पुरूस्कार वितरण की पूर्व संध्या पर संस्था परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। छात्रा सलोनी नाथ ने गणेश वंदना और कृष्ण वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्ले ग्रुप के बच्चों ने माँ थीम पर माताओं के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही नारी सशक्तिकरण नाटक नूतन ग्रुप ने प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

## बालक उमावि कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र प्रजापति बने थर्ड अफसर



**गुना।** 35 वाहनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह की उपस्थिति में 9 जनवरी को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र कुमार प्रजापति की रैंक सेरेमनी कार्यक्रम 35 बटालियन मुख्यालय शिवपुरी में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह मलिक ने श्री प्रजापति के कंधों पर थर्ड अफसर की रैंक लगाते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया ने किया एवं आभार फर्स्ट ऑफिसर आरएन कोहली ने किया। सेरेमनी के दौरान 35 बटालियन के सीनियर, जूनियर डिवीजन के एनसीसी अधिकारी, बटालियन का सिविल स्टाफ मौजूद रहा। सेरेमनी के उपरांत बटालियन की तरफ से एक लंच आयोजित किया जिसमें सभी ने सहभागिता की। थर्ड अफसर सुरेन्द्र प्रजापति की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, शासकीय बालक उ.मा.वि.कैंट गुना की प्राचार्य श्रीमती सीमा शर्मा, वीरेंद्र मिंज, मनीष गुप्ता, जितेंद्र रघुवंशी, शा.उ.मा.वि. कैंट गुना का समस्त स्टॉफ गुना जिले के समस्त एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया, पूर्व एन.सी.सी. अधिकारी यशवंत शर्मा, सेकंड अफसर संजय झा, थर्ड अफसर लालकृष्ण शर्मा सहित जिले के सभी कैडेट्स ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। फोटो-01

पति एक दिन पहले ही हुआ था डिस्चार्ज, अतिक्रमण हटाने आई थी टीम के सामने दंपती ने लगा ली थी आग

# तहसीलदार के सामने लगाई थी आग, 18 दिन बाद महिला की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव (देवास)

देवास जिले के सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान खुद को आग लगाने वाली जयश्री व्यास ने रविवार को दम तोड़ दिया। वह 18 दिनों से इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं।



घटना 24 दिसंबर 2025 की है, जब जयश्री और उनके पति संतोष व्यास ने प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। संतोष व्यास को एक दिन पहले ही अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। सतवास बस स्टैंड पर संतोष व्यास की स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान है। इसके अलावा उनका एक मकान कॉलोनी में निमार्णाधीन था, जिसे लेकर अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन को मिली थी। शिकायत के बाद 24 दिसंबर को तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी मशीन लेकर निर्माण हटाने पहुंचे थे। इसी दौरान संतोष और उनकी पत्नी जयश्री की तहसीलदार से बहस हो गई।

### गंभीर रूप से झुलस गए थे पति-पत्नी

विवाद के दौरान तहसीलदार के सामने ही संतोष और जयश्री व्यास ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाकर दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सतवास से इंदौर रेफर किया गया था।

### जयश्री व्यास की दो सर्जरी भी की थी

इंदौर में इलाज के दौरान जयश्री व्यास की दो सर्जरी भी की गईं। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा था, लेकिन शनिवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। जयश्री की मौत के बाद व्यास परिवार ने तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई को अवैधानिक बताया है। परिजनों का आरोप है कि निमार्णाधीन मकान के लिए सभी आवश्यक अनुमतियां पहले ही ली जा चुकी थीं। फिलहाल, पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घटना के बाद चौराहे पर लगा था जाम

घटना के बाद नाराज परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने थाने के पास चौराहे पर जाम लगा दिया था। इससे दोनों ओर करीब तीन किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई थी। सूचना पर एडीएम संजीव जैन, एडिशनल एसपी सौम्या जैन और एसडीओपी आदित्य तिवारी मौके पर पहुंचे। हालात को संभालने के लिए सतवास, कांटाफोड़, कन्नौद, नेमावर, हरणगांव और खातेगांव थानों से पुलिस बल बुलाया गया था। अधिकारियों ने परिजनों को बताया था कि मामले में तहसीलदार अरविंद दिवाकर और नगर परिषद सीएमओ चुन्नीलाल जूनवाल को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की गई, जिसमें एक एसडीएम और एक तहसीलदार को शामिल किया गया।

विश्व हिन्दी दिवस पर व्याख्यान का आयोजन सम्पन्न

# हिन्दी भाषा मानव अभिव्यक्ति की सबसे सशक्त भाषा-खन्ना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में आईक्यूऐसीए हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व हिंदी दिवस एवं हिंदी साहित्य की भारतीय ज्ञान परंपरा का विश्व को प्रदेय विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना, विषय विशेषज्ञ डॉ. भेरूलाल मालवीय महाविद्यालय शाजापुर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा, प्रवीणा धारीवाल, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया, डॉ. संजय कुमार प्रजापति, भारतीय ज्ञान परंपरा सह समन्वयक डॉ. मुकेश मेवाडा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने दिया। मुख्य अतिथि खन्ना ने हिंदी को मानव अभिव्यक्ति की सबसे सशक्त भाषा बताया। विषय विशेषज्ञ डॉ बीएल मालवीय ने हिंदी साहित्य की भारतीय ज्ञान परंपरा का विश्व को प्रदेय पर अपने व्याख्यान दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदी वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ रही है और हिंदी को भारत के अतिरिक्त अन्य लगभग 132 देश में बोली वह सीखी जाती है, आज हिंदी भारत ही नहीं विश्व स्तर पर भी अपना वर्चस्व बढ़ा रही है। उनके द्वारा लिखित स्वरचित गजल दिल से अपने ही तू मायूसिया भुलाया कर भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए सुनाई।

प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि हिंदी दुनिया की एकमात्र ऐसी भाषा है जो जैसी बोली जाती है वैसी ही लिखी जाती है। साथ ही उन्होंने हिंदी मैं प्रयुक्त रस छंद अलंकारों का भी जिक्र किया। हिंदी विभाग के प्रो. संजय कुमार प्रजापति ने भी अपनी स्वरचित मौलिक कविता दो वक्त का सूखा भूसा ही तो मांगा था को प्रस्तुत किया। डॉ. मालवीय द्वारा लिखित पुस्तक नवगीत का डॉ. विष्णु विराट व्यक्ति और अभिव्यक्ति आलोक खन्ना और प्राचार्य को सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर एम ए हिंदी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी साहित्य से संबंधित विभिन्न विषय पर पीपी टी भी प्रेजेंट की। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार मित्तल, डॉ. तुषार यादव, डॉ. सुधीर सवासिया, डॉ. ओमप्रकाश परमार, डॉ. पूजा सांखला, डॉ. अर्चना गवांडे, संगीता सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।



## खातेगांव की श्रेया और पूर्वी का राष्ट्रीय कबड्डी में चयन

आंध्रप्रदेश में 19 से 23 जनवरी तक खेलेंगी

खातेगांव नगर की दो बेटियों, श्रेया मुकेश शर्मा और पूर्वी योगेन्द्र तोमर ने कबड्डी में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों खिलाड़ियों का चयन 69वीं नेशनल सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह टूर्नामेंट 19 से 23 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के गुड़ीवाड़ा में खेला जाएगा, जहां दोनों मध्य प्रदेश की टीम से मैदान में उतरेंगी।

मेकलसुता एकेडमी में अभ्यास करने वाली श्रेया और पूर्वी ने अपने अनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर यह मुकाम पाया है। दोनों शुरू से ही कबड्डी के प्रति समर्पित रही हैं और नियमित ट्रेनिंग ले रही हैं। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे खातेगांव नगर का नाम रोशन हुआ है। खास बात यह है कि खेल के साथ-साथ दोनों पढ़ाई में भी काफी अच्छी हैं।

### स्कूल में हुआ सम्मान समारोह

राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने की खुशी में स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह रखा गया। यहां दोनों खिलाड़ियों को फूलों की माला पहनाई गई और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## निजी स्कूलों में नियमों की अनदेखी के चलते अधिक छात्रों को ढो रहे वाहन

**सारंगपुर।** सारंगपुर में संचालित होने वाले प्राइवेट स्कूल शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन न करके नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रहे हैं। निजी स्कूल के संचालक मनमर्जी से अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं। इस संबंध में अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं, नियमों की अनदेखी कर निजी स्कूलों का नवीनीकरण भी किया जा रहा है। नगर एवं आसपास के अंचल में दर्जनो प्राइवेट स्कूल संचालित हो रहे हैं, जिनमें से अधिकांश स्कूलों के पास खुद के भवन तक नहीं हैं। ये स्कूल किराए के भवनों में या किराए की शटरों में चल रहे हैं। इन भवनों में छात्रों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और छोटे-छोटे कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जहाँ पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था भी नहीं है। इसी तरह अधिकांश स्कूलों में खेलकूद के लिए मैदान नहीं है।

# विश्व हिन्दी दिवस पर पीएम एक्सीलेंस में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, आगर मालवा में दिनांक 10 जनवरी 2026 को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी. पी. चतुर्वेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय एकता की सशक्त आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे दैनिक जीवन, अध्ययन एवं शोध कार्यों में हिन्दी भाषा का



अधिकाधिक प्रयोग करें तथा इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी भाषा में रोजगार, प्रशासन और वैश्विक संचार की अपार संभावनाएँ निहित हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, पूर्व हिन्दी अध्ययन शाला की आचार्य प्रो. प्रेमलता चुटैल ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में हिन्दी की शक्तियों, उसकी भावात्मक संवेदना एवं वैश्विक स्तर पर हिन्दी की पहचान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज हिन्दी विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक बन चुकी है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी विभाग के डॉ. पी. एन. फागना द्वारा किया गया। उन्होंने विश्व हिन्दी दिवस के उद्देश्य एवं उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को रोचक एवं अनुशासित रूप प्रदान किया।

# विवेकानंद के विचारों को अपनाकर स्वर्णिम भारत बनेगा- व्यास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर नगर में भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ सन 1925 में संघ की स्थापना की गई थी संघ ने अपने हिन्दू धर्म पर समर्पित अपने विचारों को लेकर अपनी यात्रा शुरू की थी जो सन 2025 में 100 वर्ष पूर्ण कर अपने आगे की यात्रा सतत रखी।

नगर के बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में बाबा भंवरनाथ हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यवक्ता राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, पंडित भगवताचार्य सोहन जोशी, नगर दुर्गा वाहिनी से लाड़कुंवर तोमर मुख्य रूप से मंचासिन थे आयोजन प्रारंभ के दौरान सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित गो माता पूजन, श्री राम दरबार पूजन किया। साथ ही छोटे छोटे बच्चों को श्री राम,लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भारत माता के प्रतिरूप बनाकर मंच पर उपस्थित हुए। उसके पश्चात पधारे अतिथियों का परिचय हेमंत बंड द्वारा करवाया गया साथ ही कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमावत ने किया इस दौरान नगर व आसपास के क्षेत्र से समस्त हिन्दू मातृशक्ति ओर भैया बहन सैकड़ों की संख्या उपस्थित हुए और आयोजन को सफल बनाया।

आयोजन के दौरान मुख्यवक्ता व्यास ने अपने तीखे शब्दों की धारा से संपूर्ण देश में बनी हिन्दू समर्पित विचारों के दल, परिषद, के बारे में बताया आपने कहा कि आज हम अपने बच्चे के लिए अच्छे अच्छे स्कूल की सोचते हे और उसे विदेश पड़ने के लिए भेज देते परन्तु अब बच्चा विदेश जाएगा पर स्वामी विवेकानंद जी महाराज के विचारों को लेकर अपने देश हित में काम करे उसके लिए पहले अपने घर के माहौल को बदलना होगा हिन्दू धर्म किसी धर्म या भाषा का विरोध नहीं करता है ये हमारी धर्म की संस्कृति हे आज हम उस भारत माता की गोदी में जीवन यापन कर रहे हे जहां हिन्दू धर्म के तैतीस कोटि देवी देवताओं ने अपना जन्म लेकर इस भारत देश पवित्र देश बनाया भारत हिन्दू राष्ट हे ओर रहेगा ओर अंत में सभी से कहा कि अगर हिन्दू धर्म संबंधित कही पर भी किसी प्रकार का आयोजन हो तो अपना धर्म पालन कर बढ़ चढ़कर आयोजन का हिस्सा बने इसके साथ ही नगर दुर्गा वाहिनी से लाड़कुंवर तोमर ने उपस्थितजनों को संबोधित किया।

## सोलंकी बने वैराग्य कबीर जनकल्याण संस्था आगर के जिला अध्यक्ष

**सुसनेर।** वैराग्य कबीर जनकल्याण संस्था (संपूर्ण भारत) में संगठनात्मक विस्तार के तहत आकाशवाणी एवं राष्ट्रीय भजन गायक बाबूलाल सोलंकी को आगर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संस्था के प्रदेश अध्यक्ष लालजीराम मालवीय (पूर्व विधायक, आगर) की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत नानूराम जी खकवाणा की सहमति से किया गया। आदर्श ग्राम छापरिया, तहसील सुसनेर, जिला आगर मालवा निवासी बाबूलाल सोलंकी वर्षों से भक्ति संगीत के माध्यम से सामाजिक चेतना का कार्य करते आ रहे हैं। संस्था ने अपेक्षा जताई है कि वे संगीतमय भजनों के माध्यम से महापुरुषों, साधु-संतों की वाणी, वचनों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर मानव समाज के कल्याण एवं जनजागृति के कार्यों को गति देंगे। मनोनयन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हर्ष एवं शुभकामनाओं का सिलसिला प्रारंभ हो गया।

## डग-बडौद चौराहे पर बढ़ते हादसे बने चिंता का विषय, प्रशासन करे इंतजाम

**सुसनेर।** नगर के समीप स्थित डग-बडौद चौराहा इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। नेशनल हाईवे पर स्थित इस चौराहे पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से हादसे हो रहे हैं। जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्राम नाहरखेड़ा के सरपंच विक्रम सिंह ने भी इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि चौराहे पर बैरीगेट, स्पीड ब्रेकर और स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे वाहनों की गति नियंत्रित होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

## 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर होगा भजन महोत्सव

**सुसनेर।** अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर सुसनेर नगर में भव्य भजन महोत्सव एवं धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर 22 जनवरी को डाक बंगला स्थित बड़ाजीन परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से प्रभु श्रीराम और श्री सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति देंगे।आयोजन का दायित्व टीम सेवा सारथी के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। टीम सेवा सारथी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित इन पावन आयोजनों में सहभागिता करें और प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाएं। आयोजकों को उम्मीद है कि यह भजन महोत्सव सुसनेर के धार्मिक जीवन में एक यादगार अध्याय जोड़ देगा।

## भाजपा संगठन व कार्यकर्ताओं के प्रति मंडल अध्यक्ष धाकड़ ने जताया आभार

**आरोन।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ रायपुर ने भाजपा संगठन परिवार एवं समस्त कार्यकताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के आशीर्वाद एवं स्नेह से उन्हें आरोन भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए वे हृदय से कृतज्ञ हैं। सुरजीत सिंह धाकड़ ने कहा कि संगठन द्वारा मिला विश्वास, प्रेम और सहयोग उनके लिए निरंतर प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठन के हित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया, फोन एवं प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए सभी शुभचिंतकों के बधाई संदेशों, आशीर्वाद, सम्मान एवं स्नेह के लिए भी आभार व्यक्त किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विकेतागण रामचन्द्र पिता गंगाराम, श्रीमती यशोदाबाई पति रामचन्द्र, राकेश पाटीदार पिता रामचन्द्र, श्रीमती मंजू बाई पति राकेश, ताराचन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण, जातिगण पाटीदार, निवासीगण ग्राम रूपेटा तह. नागदा जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य से कृषि भूमि खाता ग्राम रूपेटा तह. नागदा में स्थित है. जिसके आराजी सर्वे नं. 2191 रकबा 0.75 है. में से 0.50 है., सर्वे नं. 2192/1 रकबा 0.97 है., सर्वे नंबर 2193/1 रकबा 0.28 है., सर्वे नंबर 2194/3 रकबा 0.30 है., सर्वे नंबर 2188 रकबा 0.47 है., सर्वे नंबर 2194/4 रकबा 0.08 है., सर्वे नंबर 2196 रकबा 0.20 है. कुल किता 07 कुल रकबा 2.80 है. आराजी को क्रय करने का अनुबंध करते हुए अनुबंध दिनांक को बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त आराजी को विक्रय करने के संबंध में या उपरोक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का स्वत्व, हित, हक, बंधक, अभिभार, गिरवी हो अथवा विक्रय व्यवहार में किसी को कोई आपत्ति हो तो ऐसी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में आपत्ति प्रस्तुत करे। ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। बाद गुजरे अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी व विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा। सूचना हो। दिनांक-10-01-2025

**राजेश पाटीदार, एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर, नागदा, जिला उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9584660607**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन, पता वि.डि.एस. प्राईम प्लाजा, प्रथम तल, फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि एक भूखण्ड क्रमांक 149 स्थित श्री सांवरिया वैली, देवास रोड नागझिरी उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफिट है। जो रसीद क्रमांक 238 के माध्यम से बिलाल खान पिता लियाकत खान निवासी खजराना 138 तनजीम नगर इंदौर को आवंटित किया गया था। उक्त रसीद कही गुम हो चूकी है तथा भूखण्ड स्वामी के आग्रह पर मेरे पक्षकार के द्वारा भूखण्ड स्वामी को नई रसीद जारी की जा रही है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त रसीद के माध्यम से उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण प्राप्त किया गया हो या उक्त मुल रसीद किसी भी व्यक्ति के पास गिरवी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड स्वामी को उक्त भूखण्ड की नवीन रसीद प्रदान की जावेगी तथा वह नवीन रसीद ही मान्य होगी एवं पुरानी रसीद स्वतः समाप्त मानी जावेगी एवं नवीन रसीद के आधार पर ही विक्रय पत्र का निष्पादन किया जावेगा। बाद समयावधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**अनंत यादव एडवोकेट**
**टाईम हेडक्वाटर, महाकाल समपन्न**
**फोर्थ फ्लोर, वराह मिहिर मार्ग, टावर चौक फ्रीगंज**
**उज्जैन मोबाइल न. 9669675551**



समाजसेवियों और व्यापारियों की बैठक संपन्न

## सारंगपुर में युवा संगम रोजगार मेले को सफल बनाने को लेकर हुई चर्चा

**सारंगपुर।** आज 12 जनवरी को सारंगपुर में युवा संगम रोजगार मेले के सफल आयोजन को लेकर नगर के वरिष्ठ, प्रभुत्व नागरिक समाजसेवियों एवं व्यापारियों के साथ कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन जी, उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, हिउस अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निलेश वर्मा, पीएस मंडलोई, राजेंद्र मिश्रा, विष्णु पाटीदार उपस्थित रहे। बैठक में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समस्त युवाओं से आग्रह किया गया कि बडी संख्या में पहुंचकर इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं। युवा शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में यह एक सशक्त व ठोस पहल है। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि सारंगपुर में सभी कंपनियों का स्वागत है।

### सारंगपुर में ठंड से गेहूं की फसल को फायदा:

## कृषि विभाग ने उत्पादन बढने की संभावना जताई, बताया-कीट और रोगों का प्रकोप भी कम



**सारंगपुर।** सारंगपुर में इन दिनों मौसम में उतार-चढाव देखा जा रहा है। जनवरी में लगातार ठंड और न्यूनतम तापमान में गिरावट से गेहूं की फसल को विशेष लाभ मिलने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान मौसम गेहूं की बढवार और दाना भराव के लिए अत्यंत अनुकूल है, जिससे उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि गेहूं की फसल को अंकुरण, बाल निकलने और दाना बनने तक ठंडे मौसम की आवश्यकता होती है। इस बार रात का तापमान सामान्य से कम रहने के कारण पौधों की जडें मजबूत हुई हैं और अधिक संख्या में टिलर (कल्ले) निकल रहे हैं। इससे प्रति पौधा बालियों की संख्या बढेगी, जिसका सीधा असर कुल उत्पादन पर पडेगा। ठंड के कारण कीट और रोगों का प्रकोप भी अपेक्षाकृत कम रहता है। माहू (एफिड), सुंडी और पत्ती रोग जैसी समस्याएं कम देखने को मिल रही हैं, जिससे किसानों को कीटनाशकों पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पडता और फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है। किसान मुकेश गोस्वामी ने बताया कि समय पर बुवाई और पर्याप्त नमी के साथ ठंड का असर देखने को मिल रहा है, जिससे खेतों में गेहूं की फसल हरी-भरी और स्वस्थ नजर आ रही है।

## हिंदू सम्मेलन के लिए पदाधिकारी कर रहे विभिन्न ग्रामों में संपर्क



**महिदपुर रोड।** आगामी 18 जनवरी रविवार को नगर में आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर हिंदू सम्मेलन के पदाधिकारी आसपास के विभिन्न ग्रामों में सतत संपर्क कर रहे हैं शनिवार को हिंदू सम्मेलन आयो जन समिति के सदस्यों ने ग्राम सरवन खेड़ा तरनोद तथा सेरन खेड़ी में जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया जहां ग्रामी णों ने हिंदू सम्मेलन आयोजन के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजन में अपना तन मन और धन से सहयोग करने का संकल्प लिया दूसरी और नगर में भी शनिवार की शाम को बड़ी संख्या में युवाओं ने घर-घर जाकर हिंदू सम्मेलन आयोजन के पत्रक तथा केसरिया ध्वज वितरित कर आयो जन में आने का न्यौता दिया।

## डेलची खुर्द में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**महिदपुर ।** महिदपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डे लची खुर्द में सरपंच मीरा बाई चौहान और सचिव बाबूलाल चौहान के द्वारा विशाल निशुल्क परामर्श जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 मरीज ने लाभ लिया पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर के डॉक्टरों के द्वारा मरीज का चेकअप किया गया जो पूर्ण रूप से निशुल्क था साथ ही कुछ मरीज को ऑपरेशन और बड़ी जांच के लिए निशुल्क उदयपुर लेकर गए जिसमें खाना पीना रहना वह गोली दवाई अस्पताल की तरफ से रहेगा

### सारंगपुर में खुलेआम बिक्री, मकर संक्रांति से पहले सघन जांच की जरुरत

# चाइनीज मांझा, पतंग के साथ मौत का खतरा

### चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर शासन लगा चुका है प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आते ही सारंगपुर क्षेत्र में पतंगबाजी का उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया है। बच्चे, युवा और परिवार सभी इस त्योहार की तैयारी में जुटे हैं। इस उत्साह के बीच प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का खुलेआम उपयोग और बिक्री का एक गंभीर और जानलेवा खतरा भी तेजी से बढ रहा है।



#### खतरनाक है चाइनीज मांझा

चाइनीज मांझा बेहद धारदार होता है। यह न सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पक्षियों और जानवरों के लिए भी घातक साबित हो रहा है। सारंगपुर शहर और आसपास के इलाकों में रोजाना करीब दर्जनों चरखी चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है। त्योहार को देखते हुए पतंग कारोबारियों ने पहले से ही भारी मात्रा में स्टॉक जमा कर लिया है।

पिछले दिनो पचोर में एक व्यक्ति चाइनीज मांझे का शिकार हुआ था। इस खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी थी। राजगढ कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाली दुकानों की जांच की जाएगी और जहां भी यह मांझा मिलेगा, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बढाएं ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

#### चाईनीज मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध

कलेक्टर मिश्रा ने जारी निर्देश में कहा कि पंतगबाजी में अनेक बार उक्त मांजा बिजली के खबों, वृक्षों एवं आम रास्तों पर उलझ जाता है। उलझा हुआ माजा दिखाई न देने के कारणवश अनेक अवसरों पर पशु-पक्षी हताहथ होने के साथ ही आमजन मानस को भी गंभीर शारारिक क्षति पहुंचती है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार किसी भी दुखद दुर्घटना से बचाव हेतु चाईनीज (धारदार) माजे की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक निर्देश जारी करने की आवश्यतकता है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजगढ की सम्पूर्ण राजस्व सीमा के भीतर पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चाईनीज (धारदार) माजे के निर्माण, भण्डार, परिवहन, विक्रय एवं उपयोग को प्रतिबंधित करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अत्तर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 अंतर्गत कार्रवाई होगी। लेकिन सारंगपुर में इसका असर नहीं होने से गांधी चौक, सदर बाजार, बस स्टैंड, आकोदिया रोड सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रो में चोरी छिपे इस मांझे का कारोबार जारी है।.

### अभिभाषकों की सुविधा व व्यवस्था के लिए 25 लाख की घोषणा

# अभिभाषक संघ शुजालपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



अभिभाषक संघ शुजालपुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह पचोर रोड स्थित गार्डन में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे और समारोह की अध्यक्षता अभिभाषक राधेश मोहन श्रीवास्तव ने की। समारोह में बडी संख्या में अभिभाषकों के अलावा जनर्प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नव निर्वाचित बार अध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष प्रीतम राणा, सचिव संजय शर्मा, सह सचिव चांदसिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष कैलाश सरोठिया, पुस्कालय अध्यक्ष मांगीलाल परिहार ने पदभार ग्रहण किया, जिनका अतिथियों ने स्वागत किया। साथ ही अभिभाषक संघ के चुनाव को पारदर्शिता के साथ राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्देश और नियमों के साथ सम्पन्न कराने वाले चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार, सहायक नीरज सक्सेना व अशोक तिवारी का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण देते हुए बार अध्यक्ष कैलाश यादव ने अभिभाषकों की समस्यों व अन्य परेशानियों से अतिथियों को अवगत कराते हुए अपनी मांग रखी। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने अभिभाषकों की सुविधा व व्यवस्थाओं के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि विकास कार्यो के लिए कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संविधान के अनुरूप ईमानदारी से कर्तव्यों का पालन करने और सहयोग की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र सक्सेना ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या में अभिभाषकगण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संगठन का अनुभवी नेतृत्व के चलते शर्मा बने पुनः जिलाध्यक्ष

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की राजगढ़ जिला इकाई को एक बार फिर अनुभवी और भरोसेमंद नेतृत्व मिला है। संगठन ने जिला स्तर पर मजबूती और सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरेश शर्मा को पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि विजयपाल परमार नरसिंहगढ़ को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रान्ताध्यक्ष शलभ भदौरिया एवं प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संगठन का उद्देश्य जिले में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं का सशक्त मंच पर निराकरण तथा निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। सुरेश शर्मा को पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने को संगठन में निरंतरता और अनुभव का प्रतीक माना जा रहा है। उनके पूर्व कार्यकाल में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिली थी, वहीं विजयपाल परमार की नियुक्ति से जिले में पत्रकारों के बीच समन्वय और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा एवं जिला महासचचिव विजयपाल सिंह परमार ने प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव, सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए पत्रकारों के हितों के लिए संघर्ष, एकजुटता और जिम्मेदार पत्रकारिता को प्राथमिकता दी जाएगी।



### अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर

## डॉ मसानिया ने बेंगलौर में पुस्तक भेंट की

**आगर मालवा।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ दशरथ मसानिया ने स्वरचित नवाचार हिन्दी के पांच अध्याय पुस्तक आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु में प्रशिक्षक भाई राजेन्दर सिंह को 4 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर भेंट की। इस अवसर पर उज्जैन संभाग के सांख्यिकी एवं योजना अधिकारी डॉ पी एस मालवीय तथा भोपाल सचिवालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह भी उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस 10 जनवरी को पूरे विश्व में मनाया जाता है।

## विधिक एवं जागरूकता शिविर में बच्चों को बताए कानूनी अधिकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निदेर्शानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति व तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर ज्ञानदीप एकेडमी स्कूल शुजालपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायाधीश द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रभाषा हिन्दी के महत्व एवं बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक होने के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुजालपुर राम अचल पाल ने हिन्दी भाषा की उत्पत्ति एवं उसके विकास के इतिहास के बारे में बताते हुए समझाया कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है और इसका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। इसके साथ ही विभिन्न उदाहरणों से बच्चों को समझाया कि प्रत्येक बच्चे के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी रहती है आप सभी अपनी प्रतिभाओं को पहचानें और उसे दबाने के बजाय अपनी प्रतिभा में निखार लाएं। इसके साथ ही न्यायाधीश ने बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे में भी विस्तार से समझाईश दी गई। कार्यक्रम का संचालन सोनिया गेहलोत एवं आभार संचालिका सुनिता कुशवाह ने माना। इस दौरान स्कूल प्राचार्य महेन्द्र परमार द्वारा भी बच्चों को प्रेरणा स्वरूप उद्बोधन दिया। इस अवसर पर न्यायालय कर्मचारी अनिल भिलाला, शुभम राजावत, पुलिस विभाग से राकेश शर्मा, रामलाल आदि उपस्थित थे।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 18 हजार का प्रतिबंधित मांझा पकड़ा

# फुट वेयर की दुकान से मिला चाइनीज मांझा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

ग्राम मोड़ी में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सूचना मिली कि हाट चौक मोड़ी स्थित गौरी फुट वेयर पर अवैध रूप से चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी केसर राजपूत ने प्रधान आरक्षक हरीश यादव और आरक्षक गिरीराज जामलिया के साथ तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस ने वहां आरोपी तौफिक गोरी उम्र 22 वर्ष पिता पीरू खां गोरी, निवासी मोड़ी को देखा जो प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहा था। आरोपी से पूछताछ पर उसने मांझा बेचने और रखने का कोई लाइसेंस न होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 बड़े चकरे, 10 छोटे चकरे और 8 छोटी गिट्टियां जप्त कीं। सभी मांझे नायलॉन से बने थे और मानव जीवन तथा पक्षियों के लिए खतरनाक माने जाते हैं। जप्त मांझे की कुल कीमत लगभग 18 हजार रुपये बताई गई।थाना प्रभारी ने जप्त माल की विधिवत पंचनामा तैयार किया और इसे थाना मालखाने में जमा कराया। इस दौरान जप्ती की पूरी वीडियो ग्राफी ई-साक्ष्य एप के माध्यम से दर्ज की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 223 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और मामले की विवेचना शुरू कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि जिला दंडाधिकारी द्वारा चाइनीज मांझे को प्रतिबंधित किया गया है। बावजूद इसके यह खतरनाक मांझा क्षेत्र में बिक रहा था, जिससे मानव जीवन और पक्षियों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री और रखने पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध चाइनीज मांझे की बिक्री या रख-रखाव हो तो तुरंत सूचना दें। ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या खतरे को रोका जा सके। इस कार्रवाई के बाद स्पष्ट संदेश गया है कि प्रतिबंध के बावजूद अवैध गतिविधियों को बख्शा नहीं जाएगा। सुसनेर पुलिस ने कानून और सुरक्षा के प्रति अपनी तत्परता और सक्रियता का उदाहरण पेश किया है। ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों को रोका जा सके।



**इनका कहना**

अवैध मांझा मानव और पक्षियों के लिए खतरनाक है। पुलिस हर मामले में सक्रिय रहेगी और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

**केसर राजपूत**
**थाना प्रभारी सुसनेर**



## सभी वार्डो का पेयजल परीक्षण के बाद पानी पाया सुरक्षित

**सुसनेर।** नगर परिषद अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में पेयजल गुणवत्ता परीक्षण की जानकारी शासन को प्रेषित किए जाने के क्रम में परसुलिया रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रयोगशाला में पेयजल जांच की गई। इस दौरान सभी वार्डों से लिए गए जल नमूनों का परीक्षण किया गया। मल्टी अर्बन कंपनी के लेब टेक्नीशियन सुनील पाटीदार द्वारा किए गए परीक्षण में पेयजल को पूर्णतः पीने योग्य पाया गया। जांच प्रक्रिया के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार शर्मा, लेखपाल जमील उर रहमान, इंजीनियर अरविंद सिंह, स्टोर कीपर अखलाक अहमद खान एवं लाइनमेन शहीद खान उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा नियमित रूप से की जा रही इस जांच से नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई।

## महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस मनाया



**सुसनेर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जी.सी. गुप्ता के निर्देशन में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक बद्रीलाल डाबी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विचार और आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने हिंदी के वैश्विक महत्व और इसके सतत विकास पर भी प्रकाश डाला। तत्पश्चात इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक लविश जैन एवं समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार दांगी ने भी विश्व हिंदी दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं एनएसएस प्रभारी काशीराम प्रजापति द्वारा किया गया।

## महिदपुर में विद्युत सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**महिदपुर।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, महिदपुर द्वारा विद्युत सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं को विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण में विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित तरीके से विद्युत उपकरणों के उपयोग, लाइन मेंटेनेंस के समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं, इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्युत विभाग अधिकारी,महिदपुर संभाग के आदरणीय कार्यपालन यंत्री महोदय श्री रवि कुमार पाठक जी, नोडल अधिकारी सहायक यंत्री श्री हेमेश बंसल जी, कनिष्ठ यंत्री श्री हेमंत चौहान जी, कनिष्ठ यंत्री श्री लाला भइया सिंह जी, कनिष्ठ यंत्री श्री नेतेश कुमार जी, कनिष्ठ यंत्री श्रीमती प्रियंका जी मेम के सानिध्य मे विधुत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे प्रशिक्षण में मिली जानकारी को अपने दैनिक कार्यों में अपनाएं और विद्युत सुरक्षा को प्राथमिकता दें। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि आम नागरिकों में भी विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## गणेश बस्ती हिन्दू सम्मेलन में एकता और संस्कार का संदेश दिया

**शुजालपुर।** नगर की श्री गणेश बस्ती में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बस्ती में निवास करने वाले सभी समाजों के प्रमुखजन मंच पर उपस्थित रहे, इस दौरान सामाजिक एकता का संदेश और अधिक सशक्त हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से की गई, जिसमें सनातन संस्कृति से जुड़े गीत एवं प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता आचार्यश्री स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज उज्जैन ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से हिंदू समाज को संगठित रहने, संस्कृति संरक्षण और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। मातृशक्ति के नेतृत्व में लता राठौर ने नारी शक्ति की भूमिका और सामाजिक सहभागिता पर अपने विचार रखे। वहीं रामकृष्ण राजपूत ने प्रभावी शब्दों में हिंदू चेतना और संगठन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## 'जन नायकन' के कानूनी विवाद के बीच कमल हासन ने सर्टिफिकेशन प्रक्रिया पर उठाए सवाल, जानिए क्या कहा?



अभिनय से राजनीति में कदम रख चुके विजय के सिने करियर की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' कानूनी पचड़े में है। इसकी रिलीज अटक चुकी है। 'जन नायकन' को 09 जनवरी को रिलीज किया जाना था। मगर, ऐसा हो न सका। सेंसर सार्टिफिकेट को लेकर रिलीज अटकी है। कोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई पोंगल की छुट्टियों के बाद 21 जनवरी के लिए तय की है। इस बीच आज शनिवार को कमल हासन ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर फिल्म सर्टिफिकेशन प्रक्रिया पर सवाल किए हैं।

### कमल हासन ने की कलाकारों के हक की बात

कमल हासन ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने देश के संविधान का हवाला देते हुए कलाकारों के हक की बात की है। एक्टर ने बिना किसी फिल्म का नाम लिए अपनी बात रखी है। मगर, एक्टर-पॉलिटिशियन ने यह बात ऐसे वक्त में कही है, जब 'जन नायकन' की रिलीज पर संकट है। उन्होंने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से जुड़े चल रहे विवादों के बीच यह कड़ा बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अभिव्यक्ति की आजादी और सेंसरशिप प्रोसेस के बारे में बड़ी चिंताएं जताई हैं।

### 'रोजी-रोटी एक निष्पक्ष और समय पर होने वाले प्रोसेस पर निर्भर'

कमल हासन ने किसी भी संस्था या किसी खास फिल्म का नाम लिए बिना अपनी बात में कहा है, 'भारत का संविधान तर्क के आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी देता है, जिसे कभी भी अस्पष्टता से कम नहीं किया जा सकता। यह पल किसी एक फिल्म से बड़ा है। यह उस जगह को दिखाता है, जो हम एक संवैधानिक लोकतंत्र में कला और कलाकारों को देते हैं।

संघ शताब्दी वर्ष में एक फिल्म का एलान किया गया है। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सफर को 100 साल पूरे हो गए हैं। इस पर एक फिल्म बन रही है, जिसका एलान किया गया है। फिल्म का नाम है, 'शतक'।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर फिल्म 'शतक' का एलान



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 100 साल पूरे कर लिए हैं, जो इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। संघ के 100 साल के सफर पर एक फिल्म बन रही है। नाम है 'शतक'। आज शनिवार को इसका आधिकारिक एलान किया गया है। इस फिल्म को वीर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं, आशीष तिवारी इसके सह-निमार्ता हैं।

### कब रिलीज होगी 'शतक'?

तरण आदर्श ने अपने एक्स अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'शतक' के एलान की जानकारी साझा की है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आशीष मल्ल ने संभाली है। एडा 360 डिग्री एलएलपी की प्रस्तुति फिल्म 'शतक' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### संघ के सफर को किया जाएगा पेश

देश की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृति संरचना में अहम भूमिका निभाने वाले महत्वपूर्ण संगठन आरएसएस के सफर को फिल्म 'शतक' में दिखाया जाएगा। इसमें संघ की ऐतिहासिक यात्रा को पेश किया जाएगा। फिल्म में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के योगदान के साथ-साथ एम एस गोलवलकर के नेतृत्व में हुए संगठनात्मक विस्तार और विकास को दिखाया जाएगा।

## 'बॉर्डर 2' से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे अहान शेट्टी



अभिनेता अहान शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चचाओं में हैं। अहान अपने पिता सुनील शेट्टी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 'बॉर्डर 2' में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए अहान शेट्टी लगभग चार साल से भी अधिक समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। 'बॉर्डर 2' अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के बाद उनकी दूसरी फिल्म है। जानिए आखिर क्यों चार साल बड़े पर्दे से दूर रहे अहान शेट्टी?

'बॉर्डर 2' से जबसे अहान का लुक और फिल्म का टीजर सामने आया है, तबसे ही उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। 'बॉर्डर 2' में अहान भारतीय नौसेना के ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर एमएस रावत की भूमिका निभा रहे हैं। इस किरदार में फैंस उन्हें काफी पसंद कर रहे हैं और फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ आन्या सिंह नजर आएंगी।

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की थी। मिलन लुथ्रिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अहान के साथ तारा सुतारिया प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म में अहान के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी और क्रिटिक्स ने उन्हें लंबी रेस का खिलाड़ी बताया था। हालांकि, उसके बाद जब चार साल तक अहान की कोई फिल्म नहीं आई तो हर कोई हैरान था। लेकिन अब अहान ने इसके पीछे की वजह बताई है, जो एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करना था।

यशराज फिल्म्स की लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मदार्नी' की तीसरी कड़ी 'मदार्नी 3' की पहली झलक आज शनिवार को सामने आई है। इसमें रानी मुखर्जी रौबदार अंदाज में दिखी हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट में भी बदलाव किया गया है।

## मेकर्स ने बदली 'मदार्नी 3' की रिलीज डेट

फिल्म 'मदार्नी 3' का एलान जब से हुआ है, फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अब इसके लिए दर्शकों को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। दरअसल, रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। आज शनिवार को फिल्म का पोस्टर साझा किया गया है। इसी के साथ फिल्म की नई रिलीज डेट भी बताई गई है।

### क्या लापता बच्चों को ढूंढेंगी रानी मुखर्जी?

यशराज फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्ट साझा किया गया है। इसमें रानी मुखर्जी हाथ में पिस्टल थामे नजर आ रही हैं। उनकी आंखों में क्रोध देखा जा सकता है। पोस्टर के बैकग्राउंड में कई सारे बच्चे नजर आ रहे हैं, जिनके लापता होने की बात लिखी है। पोस्टर के साथ लिखा है, 'जब तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती, तब तक वह रुकेगी नहीं। रानी मुखर्जी 'मदार्नी 3' में निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आ रही हैं'।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

इसी के साथ फिल्म की नई रिलीज डेट का भी जिक्र किया गया है। कैप्शन में लिखा है, 'बचाव अभियान 30 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में शुरू होगा'। बता दें कि यह फिल्म पहले 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इतना इंतजार नहीं करना होगा। यह फिल्म अब इसी महीने यानी जनवरी में ही दर्शकों तक पहुंचेगी।

### फैंस ने जताया उत्साह

रानी मुखर्जी के फर्स्ट लुक पोस्टर पर नेटिजन्स के कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स फिल्म को लेकर अपना उत्साह जगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'रानी मुखर्जी बड़े पर्दे पर राज करने फिर लौट रही हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'रिलीज डेट का बेसब्री से इंतजार है'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'बहुत समय से इसका इंतजार था'। 'मदार्नी' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2014 में आई थी। इसका दूसरा पार्ट यानी 'मदार्नी 2' साल 2019 में रिलीज हुई। दोनों फिल्मों को काफी पसंद किया गया। अब देखना दिलचस्प होगा कि तीसरा पार्ट क्या कमाल करता है?




# Sport

महिला प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात जाएंट्स ने पहला मुकाबला 10 रन से जीतकर शानदार शुरूआत की है। शनिवार को यूपी के खिलाफ गुजरात ने 207 रन बनाए थे। जवाब में मेग लैनिंग के नेतृत्व वाली टीम 197 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

## गुजरात जाएंट्स का जीत से आगाज, गार्डनर-अनुष्का के बाद रेणुका-डिवाइन और वेयरहैम ने बिखेरी चमक



**नवी मुंबई।** गुजरात जाएंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में जीत के साथ शुरूआत की है। शनिवार को नवी मुंबई में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में टीम ने 10 रन से शानदार जीत दर्ज की। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एश्ले गार्डनर और अनुष्का शर्मा की शतकीय साझेदारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 207 रन बनाए थे। जवाब में यूपी वॉरियर्स की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 197 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

### यूपी वॉरियर्स की पारी

208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और ओपनर किरण नवगिरे पांचवीं गेंद पर रेणुका सिंह का शिकार बन गईं। इसके बाद कप्तान मेग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। हालांकि, इसके बाद यूपी की पारी लड़खड़ा गई। लैनिंग (30), हरलीन देओल (0) और दीप्ति शर्मा (1) सिर्फ एक रन के भीतर आउट हो गईं और टीम ने पांच गेंदों में तीन अहम विकेट गंवा दिए। नौ ओवर में 73/1 से टीम 10वें ओवर में 74/4 पर सिमट गई।

इसके बाद फीबी लिचफील्ड ने श्वेता सहरावत के साथ 69 रन की साझेदारी कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। लिचफील्ड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और पांच छक्के शामिल थे। लेकिन 16वें ओवर में उनके आउट होते ही यूपी की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। अंत में आशा शोभना ने 10 गेंदों में नाबाद 27 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 197 रन ही बना सकी और 10 रन से मुकाबला हार गई। गुजरात की ओर से जॉर्जिया वेयरहैम, रेणुका सिंह और सोफी डिवाइन ने अहम विकेट चटकाए।

### गुजरात जाएंट्स की पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जाएंट्स की शुरूआत आक्रामक रही। ओपनर सोफी डिवाइन ने 38 रन बनाकर तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन उनके आउट होने के बाद कप्तान एश्ले गार्डनर ने मोर्चा संभाला। गार्डनर ने अनुष्का शर्मा के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 103 रन की शानदार साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गार्डनर ने 41 गेंदों में 65 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल थे। वहीं, अनुष्का शर्मा ने 30 गेंदों में 44 रन बनाए। गार्डनर के 18वें ओवर में आउट होने के बाद जॉर्जिया वेयरहैम ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की।

वेयरहैम ने सिर्फ 10 गेंदों में नाबाद 27 रन बनाए, जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल थे। उनके साथ भारती फुलमाली ने भी उपयोगी योगदान देते हुए सात गेंदों में नाबाद 14 रन बनाए। इस तरह गुजरात जाएंट्स ने 20 ओवर में चार विकेट पर 207 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। यूपी वॉरियर्स की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने सबसे सफल गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए।

## मुंबई के खिलाफ मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नवी मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का रोमांच शुरू हो चुका है। आज दिन का दूसरा और टूनार्मेंट का तीसरा मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले जा रहे इस मैच में दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह डब्ल्यूपीएल में किसी भी टीम का नेतृत्व करने वाली सबसे युवा कप्तान बन गईं।

### जेमिमा ने मंधाना को पीछे छोड़ा

इस मैच में दिल्ली की कप्तानी कर रहीं जेमिमा रोड्रिग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना को पछाड़ दिया। वह डब्ल्यूपीएल की सबसे युवा कप्तान बन गईं। जेमिमा की उम्र फिलहाल 25 साल और 127 दिन है। वहीं, मंधाना ने डब्ल्यूपीएल 2023 में 26 वर्ष और 230 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।


**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**कृषि भूमि बेचना है**
उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**आवश्यकता है**
मैनेजर, अस्टिंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क
9893374872




## न्यूज कॉलम

### कार रेंटल कंपनी से लाखों की धोखाधड़ी, पान मसाला कारोबारी पर मामला दर्ज

**इंदौर।** इंदौर की लसूडिया पुलिस ने एक कार रेंटल कंपनी के संचालक की शिकायत पर पान मसाला कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने परिचित होने का फायदा उठाकर लंबे समय तक किराए पर कारें लीं, फिर लाखों रुपए की रकम हड़प ली और कारें भी गिरवी रख दीं। लसूडिया पुलिस के अनुसार सेक्टर-ई, स्लाइस निवासी प्रीतम कुशवाह की शिकायत पर अंजन पुत्र मोहन श्रीवास्तव, निवासी नवलखा कॉम्प्लेक्स, सपना-संगीता रोड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रीतम ने पुलिस को बताया कि उनकी बागेश्वर कार रेंटल कंपनी है और वे अंजन को पिछले करीब चार साल से जानते हैं। अंजन ने खुद को पान मसाले का निर्माता बताते हुए कहा था कि वह सागर गुटका ब्रांड से कारोबार करता है और मार्केटिंग के लिए प्रदेशभर में लगातार यात्रा करनी पड़ती है। इसी के चलते वह पिछले दो साल से प्रीतम से किराए पर कारें ले रहा था। शुरूआत में दोनों के बीच तय शर्तों के अनुसार नियमित हिसाब-किताब और भुगतान होता रहा। लेकिन अगस्त 2025 से अंजन ने अचानक किराया देना बंद कर दिया। उस समय उसके पास करीब पांच कारें किराए पर थीं, जिनका भुगतान भी लंबित हो गया। जब प्रीतम ने कारें और रकम वापस मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में जीपीएस लोकेशन से पता चला कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कारों को अलग-अलग स्थानों पर गिरवी रख दिया है। प्रीतम का आरोप है कि आरोपी अब उन्हें धमकियां भी दे रहा है और न तो कारें लौटा रहा है और न ही बकाया रकम चुका रहा है। शनिवार को पीड़ित ने लसूडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अंजन श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### द्वारकापुरी में युवक ने फांसी लगाई उसके नाबालिग बेटे ने पिता को फंदे पर लटका देखा

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने शनिवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार तड़के सबसे पहले उसके नाबालिग बेटे ने पिता को फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद उसने मां और परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया। परिजन तत्काल युवक लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दीपक (28) पुत्र परसराम जाधव, निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। घटना के समय दीपक की पत्नी और उनका दूसरा बेटा भी उसी कमरे में सो रहे थे। बेटे को रात में पानी पीने के लिए नींद खुली थी, तभी उसने पिता को फांसी पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक के मोबाइल फोन की जांच में भी फिलहाल कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्नी के बयान दर्ज होने के बाद ही घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### इंदौर के खुड़ैल में कुएं में गिरे तेंदुए का जू में चल रहा उपचार



**इंदौर।** इंदौर के खुड़ैल इलाके में रविवार को वन विभाग की टीम को एक तेंदुए के कुएं में गिरने की सूचना मिली। टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की मेहनत के बाद तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग के मुताबिक, उमरिया खुर्द के पास एक किसान के खेत में तेंदुआ दोपहर में कुएं में गिर गया था। टीम ने पिंजरा डालकर तेंदुए को बाहर निकाला। तेंदुए के पैर में चोट लगी है और फिलहाल उसे जू में लाकर प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, संभवतः शिकार के दौरान तेंदुआ भागते समय कुएं में गिर गया। सुबह खेत में काम कर रहे कर्मचारियों ने इसे देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद वन मंडल की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित निकाला।

### बाइक सवार बदमाश ने म्यूजिक टीचर का मोबाइल लूट लिया

**इंदौर।** इंदौर के खजराना में बाइक सवार बदमाश ने म्यूजिक टीचर का मोबाइल लूट लिया। आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। टीचर ने दूसरी गाड़ी से आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने रात में आरोपी पर एफआईआर दर्ज की है। उसकी तलाश की जा रही है। खजराना पुलिस ने बताया कि नितिन झार निवासी एरोड्रम ने बताया कि वह पेशे से म्यूजिक टीचर है। रात में बायपास इलाके में एक प्रोग्राम में गया था। करीब 11 बजे वापस आते समय रेडिसन चौराहे के पास एमआर 10 के यहां रोड क्रॉस कर रहा था। तभी मोबाइल पर बात करते समय पीछे से आए बाइक सवार ने आईफोन पर झपट्टा मारा और मोबाइल लेकर स्टार चौराहे की तरफ भाग गया। लोगों से मदद लेकर उसका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। रात में पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इंदौर के लसूडिया पुलिस ने एसडी लाजिस्टिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेयर हाउस मैनेजर राकेश सिंह सेंगर की शिकायत पर अज्ञात चोर पर एफआईआर की है। राकेश ने बताया कि उनकी कंपनी सोलर से संबंधी वायर, पैनल व अन्य उत्पादों का पूरे प्रदेश में डिस्पेच करने का काम करती है। वेयर हाउस पर पूरा सामान रखा था। शुक्रवार की रात में वह ताला लगाकर गए थे। दूसरे दिन शनिवार को पहुंचे तो ताला शटर का ताला टूटा था। अदंर से लाखों रुपए कीमत के कॉपर वायर व सामान गायब था। बाद में कैमरों के फुटेज में एक चोर शटर के अंदर आते दिखा है। उसके अन्य साथी बाहर लोडिंग वाहन से सामान भरकर लेकर गए। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### पार्टी करने के लिए रुपए मांग रहे बदमाश ने 12वीं के छात्र को चाकू मारे

**इंदौर।** जूनी इंदौर में बदमाशों ने शनिवार रात एक छात्र पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे चाकू मारे। बताया जाता है कि आरोपी पार्टी करने के लिए उससे रुपए मांग रहे थे। इसके बाद बदमाशों ने उस पर हमला कर रुपए भी छीने और फरार हो गए। रात में परिवार के लोग छात्र को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने छात्र गोपाल चौहान निवासी वीर सावरकर नगर के बयान के बाद राजेश पुत्र अशोक घावरी निवासी हरिजन कॉलोनी और धनराज उर्फ धन्नू पटेल के खिलाफ चाकूबाजी,अवैध वसूली जैसी धाराओं में एफआईआर की है। गोपाल ने बताया कि वह 12वीं कक्षा में पढ़ाई करता है और वीडियो गेम पार्लर पर काम भी करता है। रात में दोस्त सन्नी खरे के यहां पर खाना खाने गया था। वहां से निकलने के बाद आरोपी रास्ते में मिले। राजेश ने रास्ता रोका ओर गर्दन पकड़कर कहने लगा कि पार्टी करना है, 2 हजार रुपए लगेंगे। वही धनराज ने चाकू निकाल लिया। इसके बाद राजेश ने सिर पर कडे की मार दी। वही जेब से रूपए निकाले। उसके बाद चाकू लेकर पैर पर मार दिया। धनराज ने भी एक चाकू दूसरे पैर पर मार दिया। इस दौरान गोपाल ने बचने की कोशिश की तो आरोपी मौके से भाग गए। बाद में दोस्त सन्नी नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर नहीं होने पर दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया। रात में डॉक्टरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस चाकूबाजी करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है।


## ये कैसा खुला चैलेंज? आकाश की नासमझी भी बनी हादसों का कारण

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे की सोशल मीडिया पेस्टिंग ने मचाया बवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

इंदौर की विधानसभा एक के भागीरथपुरा में गंदे पानी से मौतों के मामले में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के जनता के नाम एक चिट्ठी लिखी।

2 दिन पूर्व ही उनके पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसकी चर्चा जमकर हो रही है। आकाश के इस पोस्ट को लोग समझने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसका टोन समझ नहीं आ रहा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की चिट्ठी में साफ-साफ लिखा है कि वे इंदौर का बेटा हैं और लोगों के साथ हैं। जो जिम्मेदार थे, उन पर कार्रवाई भी हुई, लेकिन फिर भी मन बहुत व्यथित है, क्योंकि इससे हमारे इंदौर का नाम खराब हुआ। अभी तो ऐसा लग रहा है, जैसे वर्षों मेहनत कर शहर के बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, युवाओं के साथ अफसर, जनप्रतिनिधियों ने मिलकर जो पहचान बनाई थी, उस पर दाग लगा है। इसका मतलब साफ था कि मंत्री विजयवर्गीय को इस घटना को लेकर अफसोस है, लेकिन आकाश के पोस्ट से कुछ अलग ही संदेश जा रहा है।




### पोस्ट से साफ है कि अभी चुप हैं, बाद में देख लेंगे

आकाश के पोस्ट से साफ है कि अभी परिस्थितियां विपरित हैं। इसलिए चुप हैं। स्थिति सामान्य हो जाए तो सब को बाद में देख लेंगे। आकाश शायद यह कहना चाह रहे हैं कि जिसको जो बोलना है, बोल लो। जिसको जो करना है कर लो। अभी हम शांत हैं। स्थितियां ठीक हो जाएं, तो सबका हिसाब होगा। आकाश ने यह भी साफ कर दिया है कि वे और उनकी टीम इसके लिए दोषी नहीं है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विधानसभा एक की जिम्मेदारी आकाश ही संभालते हैं।

**इससे पहले कहा था-गंदा नहीं था पानी -** इससे पहले आकाश विजयवर्गीय तब चर्चा में आए थे, जब मीडिया से बातचीत में उन्होंने भागीरथपुरा के पानी को साफ बताया था। भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा करने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो हो गया, सो हो गया। भागीरथपुरा का पानी गंदा था ही नहीं। अगर गंदा होता, तो लोग इसे नहीं पीते। प्रभावित क्षेत्र के दौरे के बाद आकाश से मीडिया ने वक्तव्य मांगा तो बोले- मैं कई दिनों से वक्तव्य नहीं दे रहा, लेकिन आपने ले लिया। पूरे शहर में ड्रेनेज और नर्मदा साथ-साथ चलती है। कभी ड्रेनेज लाइन चोक हो जाती है, तो गंदा पानी आता है। भागीरथपुरा में दुर्भाग्य से यह हादसा हो गया है।

### पिता-पुत्र दोनों आ गए थे निशाने पर

इसी दौरान पिता कैलाश विजयवर्गीय ने एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल के सवाल के जवाब के दौरान घंटा शब्द का इस्तेमाल कर लिया था। यह नेशनल खबर बन गई और पिता सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हालांकि बाद में विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया पर माफी भी मांग ली थी, लेकिन आकाश के वक्तव्य ने आग में घी का काम किया और पिता-पुत्र दोनों निशाने पर आ गए।

### बल्ला कांड से भी पूरे देश में चर्चा में आए थे आकाश

आकाश विजयवर्गीय पहले भी ऐसी हरकतें कर चुके हैं। जब वे विधानसभा तीन के विधायक थे, तो नगर निगम अधिकारियों पर बल्ला उठा लिया था। तब वे पूरे देश की मीडिया की सुर्खियां बने थे। हालांकि बाद में यह मामला रफा-दफा हो गया, लेकिन आकाश की इस हरकत की लोगों ने जमकर आलोचना की थी। अब भागीरथपुरा मामले में भी आकाश जो कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और ऐसी हरकतें वे करते रहेंगे।

# रांग साइड टर्न लिया तो पंक्चर होंगे टायर

## 15 चौराहों पर लगेंगे टायर किलर स्पीड ब्रेकर, अगले माह निगम करेगा स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

शहर में कई वाहन चालक ऐसे हैं, जो कई बार जल्दबाजी के चक्कर में रांग साइड चले जाते हैं। इससे हादसे के शिकार भी होते हैं। अब रांग साइड वाहन चलाने वालों को सबक सिखाने टायर किलर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे।

इन स्पीड ब्रेकरों को प्रारंभिक दौर में 15 चौराहों पर स्थापित किया जाएगा। चौराहों का चयन जल्द किया जाएगा। स्पीड ब्रेकरों को लगाने का काम अगले माह शुरू होगा। प्रदेश में पहली बार इस तरह के स्पीड ब्रेकर लगाए जा रहे हैं। वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर में इस तरह के स्पीड ब्रेकर लग चुके हैं। ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यवस्थित ट्रैफिक के लिए कई प्रमुख मार्गों पर लेफ्ट और राइट टर्न के साथ सर्विस रोड का भी निर्माण किया गया है। सर्विस रोड पर सुगम यातायात के लिए दुकानों के बोर्ड और सामान हटाने का अभियान भी तेजी से चलाया गया था। समय-समय पर अभियान संचालित होता रहता है। लगातार कार्रवाई से सर्विस रोड का ट्रैफिक कई जगह सुधर सका है। अधिकांश चौराहों और व्यस्त मार्गों पर देखा गया है कि वाहन चालक रांग साइड जाने से गुरेज नहीं करते। रांग साइड वाहन चलाने से दूसरे छोर से आ रहे वाहन चालक को भी परेशानी आती है। चूंकि, दुकानों के सामने वाहन खड़े रहने, सामान रखे होने से ट्रैफिक संचालन में दिक्कत आती है।



- ऐसे में रांग साइड वाहन चलाने से ट्रैफिक प्रभावित होता है। हादसा होने पर ट्रैफिक पुलिस को जिम्मेदार बताते हैं। पूर्व में टायर किलर वाले स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्णय यातायात पुलिस की बैठक में लिया गया था। लेकिन, किसी कारण से इन ब्रेकरों को लगाने की सहमति नहीं बनी थी। लेकिन, रांग साइड वाहन चलाने की लगातार शिकायत मिलने के बाद अब यातायात पुलिस ने इसे गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है।
- सूत्रों की मानें तो प्रायोगिक तौर पर यह टायर किलर स्पीड ब्रेकर पलासिया, विजयनगर और रेडिसन चौराहे पर लगाए जाएंगे। यहां अधिकांश वाहन चालक सर्विस रोड के अलावा रांग साइड बड़ी संख्या में जाते हैं। प्रयोग सफल होने के बाद दूसरे दौर में 50 चौराहों पर टायर किलर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे।

## महाकाल के दर्शन के लिए जा रहे परिवार का एक्सीडेंट, पति-पत्नी और बेटा घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में रविवार अलसुबह एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक अर्टिगा कार आगे चल रहे डंपर से जा टकराई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि एक आयशर वाहन अचानक ओवरटेक करते हुए डंपर के सामने आ गया था, जिसके चलते डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके बाद पीछे चल रही अर्टिगा कार डंपर में जा घुसी।

इस हादसे में कार में सवार दंपती और उनका बेटा घायल हो गए। पूरा परिवार महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जा रहा था। कनाड़िया पुलिस के अनुसार घटना सुबह करीब 6 बजे की है। कनाड़िया ब्रिज पर अर्टिगा कार के एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों की पहचान मेघा वाकले निवासी नासिक, उनके पति निलेश वाकले और बेटे अंशू के रूप में हुई है। वहीं, बेटी माही और कार चालक हर्षद बालेकर को कोई चोट नहीं आई। पुलिस ने एफआरवी वाहन से सभी को अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के मुताबिक निलेश को सिर में चोट आई है, जबकि उनकी पत्नी मेघा के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी अपने दो बच्चों के साथ किराए की कार से शनिवार रात उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए निकले थे। कार चालक हर्षद ने बताया कि डंपर चालक ने लापरवाहीपूर्वक अचानक ब्रेक लगाए, जिससे हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्नें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com